13 Mus
2356

संगीत अर्चना

प्रकाशक

संगीत कार्यालय, हाथरस (उ० प्र०)

Publication No. 35

SANGEET-ARCHANA

Written by
Dr. V. N. Bhatta

Edited by
L. N. Garg

7th. Edition
September, 1980

Price
Rs. 21/-

Published by
SANGEET KARYALAYA
HATHRAS (India)

Printed by
SANGEET PRESS
HATHRAS (India)

अनुक्रमणिका

राग और रस	....	....	५
आलाप	....	...	२३
तान	....	....	३६
नायिकी और गायकी	....	....	५५
कुछ खास तालें	....	....	६८

• पंद्रह राग

भूपाली	....	....	७३
हमीर	....	....	९०
केदार	....	....	११०
बिहाग	....	....	१२८
देस	....	....	१४९
तिलककामोद	....	....	१६७
कालिंगड़ा	....	....	१८०
श्री	....	....	१९०
सोहनी	....	....	२०७
बागेश्री	....	....	२२५
बिंद्राबनी सारंग	....	....	२४७
भीमपलासी	....	....	२६६
पीलू	....	....	२८५
जौनपुरी	....	....	३०४
मालकोंस	....	....	३२४

समर्पण

जीवन के नीरस क्षणों में लिखे हुए अपने इस प्रलाप को तुम्हारे अतिरिक्त और किसे समर्पित करूँ। कभी प्रत्यक्ष रूप से तो कभी परोक्ष रूप से, क्या इन पृष्ठों को तुम्हीं ने नहीं लिखवाया है? तुम मूर्तिमान् होकर सम्मुख न आना चाहो तो न सही, पर छोटी-सी चौकी पर तुम्हारा भव्य चित्र स्थापित करके जब धूप और कुछ पुष्पों से संगीत की अर्चना करता हूँ, तो पता नहीं क्यों, वह सुन्दर चित्र हँसता हुआ-सा दिखाई देता है। मैं जानता हूँ कि तुम्हारी पूजा का एकमात्र अधिकार मुझे ही नहीं है, परंतु संगीत की अधिष्ठात्री देवी! तुम्हारे पवित्र चरणों में बैठकर 'कला' की उपासना करना सीख सकूँ, यह साध तो सदैव बनी ही रहेगी।

अकिंचन

विश्वंभर

प्रस्तुत पुस्तक की अध्ययन-सामग्री में आचार्य भातखंडे जी के अमर ग्रंथों के अतिरिक्त नितांत आधुनिक युग के अन्यान्य ख्याति-प्राप्त विद्वानों की रचनाओं का भी समावेश है। यही नहीं, प्रत्युत अपने साहित्यिक अध्ययन से भी मैंने पूर्ण लाभ उठाया है; अतः मैं इन सभी ग्रंथकारों का हृदय से आभारी हूँ। अनेक स्थानों पर मैंने अपने स्वतंत्र विचारों को भी ज्यों-का-त्यों रख दिया है। यदि विद्वान् तथा सहृदय पाठकों को इन विचारों में कहीं त्रुटि दिखाई दे, तो वे मुझे सूचित करने की अनुकंपा करें। मैं अपनी भूलें सुधार लूँगा।

१५ जून, १९४५ ई०
बलका बस्ती (राजामंडी),
आगरा

विश्वम्भरनाथ भट्ट

राग और रस

मानव-अंतर्वृत्ति बुद्धि तथा भावना, दोनों ही से युक्त है। हृदय भावनाओं का क्रीड़ा-क्षेत्र है और मस्तिष्क बुद्धि के चमत्कार का। संगीत में इन दोनों ही मनोवृत्तियों का स्वतंत्र स्थान है। प्रेम, कारुण्य, निर्वेद, वात्सल्य, वीरत्व इत्यादि सभी कोमल भावनाओं का हमारे हृदय से घनिष्ठ संबंध है। ये भावनाएँ ही मनुष्य को मनुष्य कहलाने-योग्य बनाती हैं। यदि अपमान देखकर हम आवेश तथा क्रोध से नहीं तमतमा उठते, दुःख हमें कातर नहीं बना देता, किसी हँसानेवाली बात पर हम खिलखिलाकर हँस नहीं पड़ते तो जड़ पदार्थों और मनुष्य में भेद ही क्या रह जाएगा![1]

यह भी कुछ विशेष उन्नत अवस्था नहीं है। अपने दुःख-सुख की अनुभूति तो पशु-पक्षी भी कर ही लेते हैं, फिर मनुष्य में और इतर प्राणियों में अंतर ही क्या है! किंतु मानव-हृदय इतना संकुचित नहीं है। इतर प्राणियों की दुःख और सुख की अनुभूति केवल अपने तक ही सीमित रहती है, इसके विपरीत मानव-हृदय पराए दुःख-सुख की अनुभूति भी संवेदना के साथ करता है। 'शकुन्तला नाटक'[2] पढ़कर हमें पृथ्वी और स्वर्ग के मिलन की अनुभूति होती है। इसी प्रकार 'लाग्यौ तोसों नेह रैन-दिना कल ना परे' हमें अपने हृदय के बहुत निकट प्रतीत होता है। किसी भूली हुई बात की तरह ये पंक्तियाँ हमारे हृदय में न जाने कितनी स्मृतियाँ जाग्रत् कर देती हैं। कविता की इस शक्ति का नाम है—'साधारणीकरण'; तथापि साधारणीकरण के ऐसे भव्य चित्र कुशल कलाकार ही निर्मित कर सकता है। 'मेघदूत' में यक्ष के हृदय के साथ हमारे हृदय का तादात्म्य स्थापित हो जाता है और तब हम ऐसे जगत् में विचरण करते हैं, जो काल्पनिक होते हुए भी हमारी भावात्मक प्रवृत्तियों के अधिक अनुकूल तथा उनका क्रीड़ा-क्षेत्र होता है। यह हमारे हृदय की विकसित अवस्था है। तभी तो हम दूसरे के बच्चे को भी प्यार

---

१. ऐसा मनुष्य या तो योगी होता है, अथवा पशु—'स युक्तो अथवा पशुः।'

२. 'शकुन्तला नाटक'—राजा लक्ष्मणसिंह-कृत।

से गोद में ले लेते हैं, तभी तो दूसरे का दुःख भी हमें कातर बना देता है, तभी तो पराया अपमान भी हमें आवेश और क्रोध से भर देता है। हृदय को इतना संवेदनशील बनाने में साहित्य और संगीत का बहुत अधिक हाथ है। इसी से तपस्वी भर्तृहरि ने कहा है :—

साहित्यसंगीतकलाविहीनः साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः।[1]

सचमुच पशु और मनुष्य में यही तो अंतर है। पशु-वर्ग केवल अपने सुख-दुःख की अनुभूति करता है, परंतु मानव-हृदय पराए सुख-दुःख की अनुभूति भी संवेदना के साथ कर सकता है। यह संगीत की सामान्य भूमि है। यहाँ से संगीत कला का रूप ग्रहण करने लगता है। संगीत और साहित्य, दोनों ही की उत्पत्ति भावना के तीव्र उद्रेक से होती है। हृदय में भावनाओं का आवेश आते ही कल्पना तरंगें लेने लगती है और तभी पहले संगीत का और फिर काव्य[2] का जन्म होता है। इसी लिए संगीत अनादि माना जाता है। जब से मानव-सृष्टि हुई है, तभी से संगीत की भी उत्पत्ति माननी चाहिए। भावना की अत्यधिक तीव्रता हमारी आवाज से शीघ्र ही परिलक्षित हो जाती है। कारुण्य के आवेश में अनुष्य की बोली कुछ और ही हो जाती है। आनंद के आवेश में हम गद्गद कठ से बोलने लगते हैं। यही नहीं, प्रत्युत कभी-कभी तो भावनाओं की तीव्रता इतनी अधिक हो जाती है कि हम मूर्च्छित तक हो जाते हैं। भावनाओं के तीव्रतम आघात से मृत्यु भी हो सकती है।

अभी कहा जा चुका है कि भावना के आवेश से हमारी बोली में अतर पड़ जाता है। इसी से हमने कहा था कि भावना के उद्रेक से पहले संगीत और फिर काव्य का जन्म होता है। क्रौंच

---

१. साहित्य और संगीत-कला से रहित मनुष्य बिना सींग-पूँछ के पशु के समान है।

२. "A poet soaring in the high realm of his Fancies, with his garland and singing robes about him."

पक्षी के वध से आदि-कवि की भावनाओं के तरंगित होने पर जब उनके मुँह से—

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वती समाः ।
यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ॥[1]

निकला तो उन्हें आश्चर्य हुआ। यह संगीत का जन्म था। गद्य में तो पहले भी बात कही-सुनी जाती थी, किंतु बातचीत का संगीतात्मक रूप सचमुच एक विलक्षण चीज थी। तभी तो यह कहा जाता है :—

वियोगी होगा पहला कवि, आह से निकला होगा गान ।
छलकते आँसू से चुपचाप, बही होगी कविता अनजान ॥

भावनाओं के इसी प्राधान्य के कारण प्राचीन आचार्यों ने संगीत के स्वरों के साथ नव रस का सम्बन्ध स्थापित किया था। एक प्राचीन श्लोक इस प्रकार से है :—

सरी वीरेऽद्भुते रौद्रे धो बीभत्से भयानके।
कार्यौ गनि तु करुणे हास्यशृंगारयोर्मपौ ॥

आचार्यों ने रस कुल नौ प्रकार के माने हैं। किंतु बीभत्स, भयानक, रौद्र, अद्भुत और हास्य, इन पाँच रसों को छोड़ भी दिया जाए, तब भी संगीत में केवल शृंगार, करुण, वीर और शांत, इन चार रसों से ही बखूबी काम चल सकता है। कदाचित् इसी से संगीत में अवशिष्ट पाँच रसों का बहिष्कार-सा दृष्टिगोचर होता है। इन चार रसों में भी शृंगार, करुण और शांत रस का क्षेत्र इस कारण अधिक व्यापक है कि शेष रस इनके अंतर्भूत हो जाते हैं। शृंगार तो इसी लिए रसराज माना जाता है कि अन्य सब रसों का

१. हे निषाद ! तूने एक काममोहित क्रौंच (पक्षी) का वध किया है, अतः तुझे कभी शांति प्राप्त न हो।

२. सा और रे का प्रयोग वीर, अद्भुत तथा रौद्र में, ध का प्रयोग बीभत्स तथा भयानक में, ग और नि का करुण में तथा म और प का हास्य एवं शृंगार में करना चाहिए। (प्रत्येक राग का रस उसके वादी स्वर पर अवलंबित है।)

समावेश इस रस के अंतर्गत हो सकता है तथा पशु, पक्षी, मनुष्य, इन सभी में रति की भावना समान रूप से प्रबल है।[1] उधर 'उत्तर रामचरित नाटक' में कविवर भवभूति ने यह घोषणा कर ही दी कि निमित्त तथा भिन्न कारणों से करुण रस ही अन्यान्य रसों का रूप धारण कर लेता है।

एक करुण ही मुख्य रस, निमित भेद सों सोइ।
पृथक्-पृथक् परिणाम में, भासत बहु विधि होइ॥
बुद-बुद, भँवर, तरंग, जिमि होत प्रतीत अनेक।
पै यथार्थ में सबनि को, हेतु-रूप जल एक॥[2]

अब शांत रस को लीजिए। देव-विषयक रति मानकर शांत का समावेश भी शृंगार के अंतर्गत किया जा सकता है। परंतु शांत रस की रीढ़ की हड्डी 'निर्वेद' ही है। संपूर्ण मनोविकारों के शांत होने पर ज्ञानी का हृदय जब एकाग्र हो जाता है, तब निर्वेद का उदय होता है। किंतु गायक भावुक होने के कारण ज्ञानमार्गी न होकर भक्तिमार्गी ही होता है और सच्चा भक्त जिस प्रकार अपने भगवान् को प्रत्यक्ष कर लेता है, उसी प्रकार सच्चा गायक भी अपने राग को मूर्तिमान् कर लेता है। कला का यही रहस्य है। साकेतकार के शब्दों में 'अभिव्यक्ति की कुशल शक्ति ही तो कला है।'

भारतीय संगीत के संधिप्रकाशकालीन रागों का सम्बन्ध शांत रस से बहुत अधिक है। प्रातःकाल सूर्योदय के समय तथा सायंकाल में सूर्यास्त के समय मानव-प्रवृत्ति शांत रस की ओर स्वतः झुक जाती है। प्रकृति की शोभा भी संधिप्रकाश के समय कुछ विलक्षण ही होती है। भावुक हृदय प्रकृति के अणु-परमाणु तक में संगीत का अनुभव करने लगता है। 'प्रसाद' जी की देवसेना[3] ने ठीक ही कहा है, "विजया! प्रत्येक परमाणु के मिलन में एक सम है,

---

१. आहारनिद्राभयमैथुनञ्च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

२. उत्तररामचरित नाटक—सत्यनारायण कविरत्न-कृत।

३. स्कंधगुप्त विक्रमादित्य, छठा संस्करण, पृष्ठ ५३।

प्रत्येक हरी-हरी पत्ती के हिलने में एक लय है। मनुष्य ने अपना स्वर विकृत कर रखा है, इसी से तो उसका स्वर विश्व-वीणा में शीघ्र नहीं मिलता। पांडित्य के मारे जब देखो, जहाँ देखो, बेताल-बेसुरा बोलेगा। पक्षियों को देखो, उनकी 'चहचह', 'कलकल', 'छलछल' में रागिनी है।" गायक के हृदय में प्रकृति का यह सौंदर्य कल्पना की तरंगें भर देता है और प्रकृति का अनुपम सौंदर्य उसे शांत रस में तल्लीन कर देता है। इसी से संधिप्रकाशकालीन गीतों में ईश्वर-भक्ति अथवा प्राकृतिक सौंदर्य का भाव बड़ा भला प्रतीत होता है।

वीर रस का स्थायी भाव उत्साह है। सच्चा वीर अपने शत्रु पर केवल विजय चाहता है, शत्रु को मार डालना उसका ध्येय नहीं होता। अपना अनिष्ट करनेवाला ही शत्रु-रूप में हमारे सामने आता है और उसे दंड देने के लिए हम तत्पर हो जाते हैं। यों तो यह ससार ही संघर्षपूर्ण है और संघर्ष का ही वास्तविक नाम जीवन है। पर जब शत्रु, देश का शत्रु होने के कारण अथवा अन्यायी, अत्याचारी अथवा प्रजापीड़क होने के कारण हमारे क्रोध का कारण होता है, तभी वास्तविक वीर रस के लिए उचित क्रोध, आवेश तथा उत्साह की उद्भावना होती है। इस उत्साह को उद्दीप्त करने में संगीत बड़ा सहायक होता है। और फिर—"युद्ध क्या गान नहीं है? रुद्र का शृंगीनाद, भैरवी का तांडव नृत्य और शस्त्रों का वाद्य मिलकर भैरव-संगीत की सृष्टि होती है। जीवन के अंतिम दृश्य को जानते हुए अपनी आँखों से देखना, जीवन-रहस्य के चरम सौंदर्य को नग्न और भयानक वास्तविकता का अनुभव केवल सच्चे वीर-हृदय को होता है। ध्वंसमयी महामाया प्रकृति का वह निरंतर संगीत है। उसे सुनने के लिए हृदय में साहस और बल एकत्र करो। अत्याचार के श्मशान में ही मंगल का, शिव का, सत्य व सुन्दर संगीत का समारम्भ होता है।"[1] परंतु खेद है कि भारतीय संगीत में वीररसात्मक चीजों का अभाव है।

संगीत में सबसे अधिक चीजें मिलती हैं शृंगार-रस की। खयाल की गायकी का उत्कर्ष हिन्दी के रीतिकाल के समय से होना शुरू

---

१. 'स्कंदगुप्त विक्रमादित्य' में जयमाला। छठा संस्करण, पृष्ठ ४५।

हुआ था, अतः उस समय की कितनी ही चीजों में तत्कालीन भावनाओं की गहरी छाप है। साहित्य और संगीत, दोनों ही ललित कलाएँ हैं, अतः दोनों ही मानव-हृदय को आनन्द पहुँचाने का प्रमुख साधन रही हैं, परन्तु कालान्तर में वास्तविक आनन्द का स्वरूप विकृत हो गया और शृंगार के नाम पर कामुकता का प्रचार किया जाने लगा। यही भूल मुहम्मदशाह रँगीले के समय में हुई और इस भूल के परिणाम-स्वरूप संगीत कुत्सित समाज के हाथों में चला गया। वस्तुतः शृंगार और कामुकता में जमीन-आसमान का अंतर है। वास्तविक प्रेम कामुकता में दृष्टिगोचर नहीं होता। उसमें तो चाहे जिस तरह से, अत्याचार और अन्याय से भी अपनी इच्छाओं की पूर्ति ही एकमात्र उद्देश्य होता है। ऐसा हृदय कभी किसी एक के प्रति सच्चा नहीं होता, किन्तु वास्तविक प्रेमी की भावनाएँ कुछ और ही होती हैं। वासना तो यहाँ भी मिलेगी, किन्तु वह प्रिय के प्रति सर्वस्व समर्पण करके अपने हृदय को हारकर ही प्रिय का हृदय जीतता है। उसकी आँखें अपने प्रिय के अतिरिक्त और किसी को नहीं देखतीं।[१] प्रेमी की भावना तो बस यही रहती है कि प्रिय चाहे जहाँ रहे, सुख से रहे।

वियोग में शृंगार के बड़े सुन्दर चित्र मिलते हैं। प्रिय जितना ही दूर होता है, हृदय-रूपी दर्पण में उसका प्रतिबिम्ब भी उतना ही गहरा पड़ता है। मन-मन्दिर के उस देवता से हृदय न जाने क्या-क्या बातें करता रहता है। भावनाओं को अत्यधिक तरंगित करने में वियोग (विप्रलम्भ शृंगार) सबसे अधिक प्रभावशाली है और यही कारण है कि भारतीय संगीत में शृंगाररसात्मक गीतों की इतनी अधिकता है। भावनाओं के प्रबल होने पर हृदय से स्वतः गीतों की रचना हो जाती है और फिर उसे किसी-न-किसी राग में बैठा दिया जाता है। किंतु अभी तक प्रमाणित तर्कों द्वारा यह सिद्ध भी नहीं हो सका है कि 'सरी वीरेऽद्भुते' वाले श्लोक के अनुसार किस राग का कौन-सा रस होना चाहिए; अथवा सा, रे इत्यादि स्वर वीर, अद्भुत आदि रसों के परिचायक किस सिद्धांत पर ठहराए

---

१. प्रियतम-छबि नैनन बसी, पर-छबि कहाँ समाय।
भरी सराय रहीम लखि, आप पथिक फिर जाय॥

गए हैं। हमीर, मालकौंस, अड़ाना, शंकरा प्रभृति कुछ राग ओज-पूर्ण ढंग से गाए जाने के कारण ही वीर रस के राग माने जाते हैं। किंतु यदि उपर्युक्त श्लोक के अनुसार वादी स्वर के आधार पर ही राग का रस-निरूपण किया जाए तो हमीर में वादी धैवत, मालकौंस में वादी मध्यम और शंकरा में वादी स्वर गांधार है। तब क्या गांधार, मध्यम और धैवत, तीनों ही वीर रस के व्यंजक स्वर माने जाएँगे! यह विषय बहुत ही विवादग्रस्त है।

किन्तु इतना अवश्य कहा जा सकता है कि कोमल रे, ध लगने-वाले संधिप्रकाश-कालीन राग शान्त और करुण रस के परिचायक माने जा सकते हैं, क्योंकि संधिप्रकाश-काल मनोवृत्तियों को इन रसों की ओर अवश्य प्रेरित करता है। दिन-भर के परिश्रम के बाद सायं-काल को शरीर क्लांत होने पर एक विचित्र विषाद का अनुभव होता है, अतः मन ऊबकर स्वतः निर्वेद का अनुभव करने लगता है। प्रकृति उसे अपनी ओर खींचकर अपनी शांतिदायिनी क्रोड़ में विश्राम देती है। सूर्योदय के समय ब्राह्म मुहूर्त में रात्रि-भर विश्राम लेने के बाद अपूर्व उल्लास का अनुभव होता है। प्रकृति इस समय अपनी सम्पूर्ण शोभा से हँसती हुई-सी प्रतीत होती है और यह मधुर चित्र उस अनुपम चित्रकार की बरबस याद दिला देता है, जो अपने अदृश्य हाथों से इन चित्रों को बनाया करता है।

जो राग ओज के साथ गाए जाने पर अच्छे लगते हैं, उन्हें वीर-रसात्मक राग मानना चाहिए। अड़ाना, शंकरा, हमीर, मालकौंस प्रभृति राग आवेश और ओज के साथ गाए जाने पर जितने कर्णप्रिय मालूम होते हैं, उतने माधुर्य-भाव से गाए जाने पर अच्छे नहीं लगते। इस विषय में एक साधारण (व्यापक नहीं) नियम यह कहा जा सकता है कि इस वर्ग के राग खड़े स्वरों से गाए जा सकते हैं, अर्थात् इनमें मींड़ इत्यादि का प्रयोग नहीं होता। इससे इनमें एक विचित्र अक्खड़पन आ जाता है। ये राग उत्तरांगप्रधान होते हैं। शंकरा मे गांधार वादी है, तथापि उत्तरांग प्रबल है। हमीर और मालकौंस का भी यही हाल है। अड़ाना का वास्तविक रूप भी तार-सप्तक में ही खिलता है।

अब रह गया शृंगार-रस। खमाज ठाठ और काफी ठाठ के वे राग, जो रात्रि के दूसरे और तीसरे प्रहर में गाए जाते हैं, अथवा

कल्याण ठाठ के वे राग, जो रात्रि के इन्हीं दो प्रहरों में गाए जाते हैं, शृंगार-रस के अन्तर्गत माने जाने चाहिए, क्योंकि यह समय शृंगारिक भावनाओं के अधिक अनुकूल है। सन्धिप्रकाश रागों को भी हमने समय-विशेष के कारण ही कारुण्य और शान्त रस का प्रतीक माना था। दूसरे शब्दों में इसी बात को हम यों कह सकते हैं कि कोमल रे तथा कोमल ध के कारण सन्धिप्रकाश-काल (सूर्योदय और सूर्यास्त का समय) भला नहीं प्रतीत होता, बल्कि सन्धिप्रकाश-काल के कारण ही कोमल रे और कोमल ध का प्रयोग मर्मस्पर्शी प्रतीत होता है। अतः दूसरे और तीसरे प्रहर की विशेषता के कारण ही इस समय के रागों के स्वरों की विशेषता मानी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य उन सब रागों का विभाजन भी, जो कोमल और माधुर्य-भाव के साथ गाए जाने से अच्छे लगते हैं, इसी वर्ग के अन्तर्गत करना समीचीन है।

अब बाकी बचे वे राग, जो ऋतुकालीन हैं; जैसे—वसन्त, बहार, देस, मल्हार इत्यादि। यहाँ भी ऋतु की विशेषता से ही रागों का रस ठहराना ठीक है। वर्षा और वसन्त, दोनों ही शृंगार की भावना को उद्दीप्त करनेवाली ऋतुएँ हैं। इसी लिए इन दोनों के वर्णन में प्रायः वियोगजन्य भावनाओं के उद्दीपन का उल्लेख मिलेगा। बहार की प्रसिद्ध चीज 'बालमवा माई री' को ही लीजिए। बरन-बरन की कलियाँ, लहरानी बन बेलरियाँ' यहाँ तक वसन्त ऋतु का उल्लेख है। इसके बाद 'सखी, अजहूँ नहीं आए' के साथ ऋतु का उद्दीपन-प्रभाव दृष्टिगोचर होने लगता है। इस प्रभाव का उत्कर्ष हमें चीज के अन्तरे में दिखाई देगा। अन्तरे के आरम्भ में ही हमें 'हौं बिरहन बौरानी ज्यों-ज्यों लहरानी हरियाँ डरियाँ' सुनाई देता है। इसके बाद 'ऋतु बसन्त में अजहू के दिन पिया सौतन के सँग भूल रहे' कहकर चित्र पूरा कर दिया जाता है।

प्रकृति के सौन्दर्य की ओर मानव-हृदय तीन प्रकार से आकर्षित होता है। एक संयोग-शृंगार की भावना के साथ, दूसरा वियोग-शृंगार की भावना के साथ और तीसरा शान्त भावना से प्रकृति के सौन्दर्य का उपासक होकर। संयोग-शृंगार में प्रकृति के जो चित्र हृदय को अनुपम शान्ति देनेवाले होते हैं, वे ही चित्र वियोग में

हृदय को उद्विग्न करनेवाले हो जाते हैं। वर्षा का ही दृश्य लीजिए, संयोग-पक्ष में वर्षाकालीन दृश्य बड़ा सुहावना प्रतीत होता है। बिजली की चमक ऐसी दिखाई देती है, मानो आकाश से स्वर्ण बरस रहा हो। यदि प्रेमिका अपने हृदयेश्वर के साथ है, तो उसे 'दादुर' और 'मोर' के शब्द बड़े अच्छे मालूम होंगे :—

चमक बीजु बरसै जल सोना। दादुर मोर सबद सुठ लोना॥

(जायसी-कृत 'पद्मावत' में पद्मावती का कथन)

ऐसा ही उल्लास वर्षाकालीन संयोग-शृंगार के गीतों में भी दिखाई देगा। उदाहरणार्थ मियाँमल्लार, झप ताल की एक चीज देखिए :—

आयो है मेघ, नई रुत पावस झर लायो,
देख हुलसाय हिया, नए पिया प्यारी को।
पहन चूनर सुरंग, अंग भूखन नयो,
नयो बादर, नयो जोबन ब्रिजबारी को॥

(क्रमिक पुस्तक-मालिका, भाग ४)

संयोगात्मक उल्लास का कैसा सुन्दर चित्र है। किंतु वियोग में यही सुहावना दृश्य बड़ा दुःखद हो जाता है। संयोग के दिन एक टीस के साथ अतीत की मधुर स्मृति का रूप ले लेते हैं। उस समय बिजली की चमक से सोना बरसता हुआ नहीं मालूम होता, यही बिजली अब 'खड्ग' का रूप धारण कर लेती है और बूँदें बाण-वर्षा-सी प्रतीत होने लगती हैं। प्रिय के वियोग में प्रेयसी की दशा देखिए :—

खड्ग बीजु चमके चहुँ ओरा। बूँद बान बरसहिं चहुँ ओरा॥

(जायसी-कृत 'पद्मावत' में नागमती का कथन)

संयोग के कारण प्रियतमा को जो वर्षा सुखद थी, वही वर्षा वियोग के कारण दुःखद प्रतीत हो रही है। अब गौड़मल्हार की एक प्रसिद्ध चीज देखिए :—

आए बदरवा कारे-कारे, हमरे कंथ निपट भए बारे,
ऐसे समय परदेस सिधारे ।
एक तो मुरला बन में पुकारे, मोहे जरी को अधिक जरावे ।
है कोई ऐसा पिय को मिलावे, उड़ जा पंछी कौन दिसा रे ॥

यहाँ भी वियोग के कारण प्रकृति का सुहावना दृश्य दु:खद हो रहा है। कहने का तात्पर्य यह है कि संयोग-पक्ष में प्रकृति का जो सौंदर्य हृदय को अनुपम शीतलता प्रदान करनेवाला होता है, वियोग में वही दृश्य हृदय को परम संताप पहुँचानेवाला हो जाता है।

किंतु इस प्रकार के जितने भी गीत मिलते हैं, उनमें प्राय: प्रेमिका के ही हृदयोद्गार दिखाई देते हैं। प्रेमी की हृद्गत भावनाओं का चित्रण क्वचित् ही मिलेगा। भारतीय प्रेम-पद्धति में तुल्यानुराग ही आदर्श रहा है। अर्थात् प्रेमिका का प्रेम जिस तीव्रता से प्रेमी के प्रति आकर्षित होता है, उतनी ही तीव्रता से प्रेमी भी प्रेमिका की ओर खिंचता है। फिर भी शृंगाररसात्मक गीतों में मुख्यत: नायिका के ही भावोद्गारों का वर्णन केवल इसी लिए मिलता है कि पुरुष-हृदय की अपेक्षा रमणी-हृदय अधिक भावुक होता है। पुरुष बुद्धिप्रधान है, किंतु स्त्री भावप्रधान। जहाँ बुद्धि अधिक होती है, वहाँ भावुकता कुछ दब जाती है तथा जहाँ भावुकता अधिक होती है, वहाँ बुद्धि की न्यूनता होती है। इसी कारण स्त्री-हृदय को व्यक्त करनेवाले गीतों में अधिक सच्चाई तथा अधिक भावुकता का भान होता है। इसी कारण भारतीय संगीत के गीत कुछ ऐसे ढंग के हैं, मानो वे किसी स्त्री द्वारा गाए जा रहे हों।

अब हम उस मनोवृत्ति पर विचार करेंगे, जहाँ मानव-हृदय शांत भावना से प्रकृति का उपासक बन जाता है। यहाँ प्राकृतिक दृश्यावली का प्रभाव उद्दीपन की दृष्टि से नहीं होता है। प्रकृति अपने वास्तविक, सत्य और स्वाभाविक रूप में हमें आकर्षित करती है। संधिप्रकाशकालीन रागों में हमने प्रकृति के इसी अनुपम सौंदर्य की ओर इशारा किया था। वसंत और वर्षा ऋतु भी अपने स्वतंत्र, स्वाभाविक और सत्य रूप में हृदय पर संवेदनात्मक प्रभाव डालती है। वसंत महाराज कामदेव का नवजात शिशु बन जाता

है। वृक्ष की शाखाओं में उनके लिए नवीन पत्तों का बिछौना बनाकर प्रकृति पालना तैयार करती है। नवीन पुष्प उस बालक का 'झँगूला' बन जाते हैं। पवन उस पालने को धीरे-धीरे हिलाने लगता है। कीर और केकी उस बालक से बात करने लगते हैं तो कोयल ताली बजाकर वसंत-रूपी बालक का मन बहलाने लगती है। नायिका-रूपी कमल-कली लताओं को साड़ी ओढ़कर पराग से राई-नौन उतारने लगती है। प्रातःकाल होते ही गुलाब चटकारी देकर उस बालक को जगाने लगता है, मानो संपूर्ण प्रकृति मदन-महीप के बालक की उत्साह से देख-रेख कर रही हो :—

डार-द्रुम पलना, बिछौना नव पल्लव के,
सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।
पवन झुलावै, केक-कीर बतरावै, 'देव'
कोकिल हलावै-हुलसावै कर-तारी दै॥
पूरित पराग सौ उतारी करै राई-लोन,
कंज-कली नायिका लतानि सिर-सारी दै।
मदन-महीपजू को बालक बसन्त ताहि,
प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

—महाकवि 'देव'

किंतु प्रकृति के इस अनुपम सौन्दर्य को देखने के लिए मस्तिष्क के समुचित विकास की आवश्यकता है। साधारण मनुष्य तो अपने काम-धंधों में इतने लगे रहते हैं कि उन्हें प्रकृति के इस भव्य रूप को देखने की कभी फुरसत ही नहीं मिलती। मानो उनके लिए इन बातों का कोई अस्तित्व ही नहीं है। किंतु सच्चे गायक की आँखों से यह सौन्दर्य कभी छिप नहीं सकता। 'बहार' की एक प्रसिद्ध चीज देखिए :—

बन-बन फूल रही सरसों।
बन-बन आई बसन्त-बहार, सकल बन फूल रही सरसों॥

बागन में सखि अँबुआ फूले, फूले टेसुवा संग बन-बन;
कोयलिया कू-कू बोलत, बन आई बसंत-बहार,
सकल बन फूल रही सरसों ।

प्रकृति अपने स्वाभाविक रूप में दिखाई दे रही है । खेद है कि भारतीय संगीत में प्रकृति के ऐसे अछूते चित्रों की भारी कमी है ।

अभी तक जो कुछ विवेचन किया गया है, संक्षेप में हम उसे तीन शीर्षकों में विभाजित कर सकते हैं। वे तीन शीर्षक ये हैं :—

१. भारतीय संगीत भावना-प्रधान है ।

२. नव रसों में से भारतीय संगीत में मुख्यत: चार (शृंगार, करुण, शांत और वीर) रस ही ग्राह्य हैं। इन चारों रसों में भी वीर रस को छोड़कर शेष तीन रसों में से प्रत्येक का क्षेत्र इतना व्यापक है कि अन्य रसों का समावेश उनमें से किसी भी एक रस के अन्तर्गत किया जा सकता है। इन तीन रसों में भी शृंगार-रस अत्यधिक व्यापक होने के कारण विशेष महत्त्वपूर्ण है ।

३. अन्तिम बात यह है कि भारतीय संगीत के गीतों में वीर-रसात्मक गीतों का प्रत्येक राग में प्राचुर्य है ।

अब प्रश्न यह रह जाता है कि जब राग के रस के अनुकूल गीतों की भारी कमी है, तो क्या उपलब्ध गीतों का पूर्ण बहिष्कार करके नए सिरे से राग, रस और तदनुकूल काव्य की दृष्टि से गीतों की रचना की जाए ? किंतु इस बात की न तो आवश्यकता ही है और न यह बात पूर्णतया उचित ही है। उचित तो इसलिए नहीं कि यदि इस सिद्धांत के अनुसार ही चला जाए तो हमें हमीर, मालकौंस प्रभृति वीररसात्मक रागों में से उन सब गीतों को निकाल देना होगा, जो शृंगाररसात्मक हैं। यही समस्या सन्धिप्रकाशकालीन रागों में सामने आएगी। वहाँ भी हमें शृंगार-भावनायुक्त गीतों का बहिष्कार कर देना पड़ेगा और इस बहिष्कार व सुधार के फेर में हमें संगीत के भंडार में से बन्दिश की हजारों चीजों से हाथ धोना पड़ेगा। इसका परिणाम यह होगा कि संगीत के भंडार में चीजों की इतनी कमी आ जाएगी कि फिर इस दिवाले की कमी पूरी

करना कठिन हो जाएगा। अतः हमें किसी उचित सिद्धांत के अनुसार राग के रस और प्रचलित चीजों के काव्य के साथ समझौता करना पड़ेगा; अन्यथा वह खंडनात्मक सिद्धांत केवल तोड़-फोड़ ही कर सकेगा, कुछ रचनात्मक कार्य नहीं। आखिर इन शृंगाररसात्मक बन्दिश की चीजों को यों ही तो नहीं फेंका जा सकता है।

हम पहले ही निवेदन कर चुके हैं कि शृंगार-रस रसराज माना जाता है। यदि इस रस को हम व्यापक रूप में स्वीकार कर लें, तो राग के रस और उपलब्ध चीजों के काव्य के साथ हम अच्छा-खासा समझौता कर सकेंगे। शृंगार अपने व्यापक रूप में अवशिष्ट सभी रसों को अपने में अंतर्भूत कर लेगा। उदाहरणार्थ संयोग-शृंगार की उल्लासपूर्ण आनंदमयी भावनाओं में बन्द मुसकान है ही। वीर-हृदय ही तो शृंगारिक भावनाओं की अनुभूति कर सकता है। सच्चा वीर ही सच्चा प्रेमी भी हो सकता है। जो हृदय वीर नहीं है, वह कामी तो हो सकता है, किंतु प्रेमी नहीं। अतः यह रस भी शृंगार से दूर नहीं है। शृंगार की वियोगजन्य भावनाओं में हमें करुण रस का दर्शन हो जाएगा। माधुर्यपूर्ण भक्ति-भावनाओं की शांत नदी भी भक्ति के शृंगार-सागर में ही आकर मिल जाती है। तात्पर्य यह है कि यदि संगीत में प्रधान रस शृंगार मानकर उस रस को व्यापक रूप में ग्रहण कर लिया जाए, तो वीर-रसात्मक राग हमीर में 'कैसे घर जाऊँ लँगरवा' नामक प्रसिद्ध चीज को भी खपाया जा सकता है। वीररसात्मक 'मालकौंस' में 'पिया-संग लर पछतानी' नामक चीज को भी स्थान मिल जाएगा। 'कालिंगड़ा' में 'गगरिया मैं कैसे ले घर जाऊँ' शीर्षक गीत भी बुरा नहीं लगेगा। 'अड़ाना' में 'लंका बिलंका धौंस धू है धौंक' नामक ओजपूर्ण गीत के साथ 'गगरी मोरी भरन नाहीं देत' को भी जगह मिल जाएगी।

इसी से हमने कहा था कि उपलब्ध गीतों के बहिष्कार की कोई आवश्यकता नहीं। हाँ, उत्कृष्ट कलाकारों को भविष्य में राग के रस के अनुरूप ही काव्य की रचना या चुनाव करके रचनात्मक कार्य करते जाना चाहिए। हर्ष का विषय है कि विद्वानों का ध्यान अब इस ओर आकृष्ट होने लगा है।

रागों में रस-योजना का एक प्रयत्न प्राचीन छह राग, छत्तीस रागिनीवाली पद्धति में भी दिखाई देता है। इस मत के अनुसार प्राचीन राग-रागिनियों के देव-स्वरूप का निरूपण और उनका ध्यान इत्यादि रस-निष्पत्ति की ही दृष्टि से किया गया है। उपर्युक्त विवेचन में हम मल्हार के विभिन्न प्रकारों को शृंगाररसात्मक मान चुके हैं। अब 'संगीत-पारिजात' के अनुसार 'मल्हारी' रागिनी का ध्यान देखिए :—

सुगौरवर्णा मलिनांशुकान्विता वियोगिनी चंपकमालभूषिता।
रहस्युपस्था रसिकप्रियाऽऽर्द्रिता मल्हारिका साऽश्रुदृगातिमंदगा॥*

'जो सुन्दर गौर वर्ण वाली, मलिन वस्त्र धारण किए हुए, चंपक-माल से विभूषित, अश्रुपूर्ण नेत्रोंवाली, मंद गति से चलनेवाली, एकांत में स्थित, वियोगिनी तथा जल से भीगी हुई रसिक-प्रिया है, वह मल्हारी रागिनी है।' अथवा—

स्मरातुरा क्षीणकलेवरा नता वनागमे प्राग्विरहेण तापिता।
निराश-गीता किल वल्लकीकरा मल्हारिका रोदनवत्स्वरा हि सा॥*

'जो कामातुर है जिसका शरीर कमजोर पड़ गया है, जो नीचे की ओर (पृथ्वी पर) झुक रही है, जो बरसात के प्रारंभ से ही विरह द्वारा तपाई गई है, जो हाथ में वीणा लिए निराशा के गीत गा रही है तथा जिसके गाने की आवाज रोने-जैसी हो रही है, ऐसी करुण स्वरपूर्ण मल्हारी रागिनी है।' इस चित्रण का भी यही तो उद्देश्य है कि राग का रस व्यक्त किया जा सके। पाठक यदि इस विवरण से 'आए बदरा कारे-कारे' शीर्षक चीज की तुलना करें, तो उन्हें अद्‌भुत साम्य दृष्टिगोचर होगा। निवेदन किया जा चुका है कि संगीत भाव-प्रधान कला है, और गायक यदि भावना से रहित होकर गीत को गाएगा तो निश्चय ही तीनचौथाई चमत्कार खो बैठेगा। आलाप तो संगीत का प्राण है, परंतु बिना भावना-ज्ञान के आलाप भला क्या अच्छा लगेगा! इसी से राग और रस

* संगीत कार्यालय, हाथरस से प्रकाशित 'संगीत-पारिजात', पृष्ठ १०६

के विवरण पर हमने इतना जोर दिया है। राग-रागिनियों के प्राचीन विवरण पर यदि और सूक्ष्म दृष्टि से विचार किया जाए तो स्पष्ट सिद्ध हो जाएगा कि यह विवरण हिंदी-साहित्य के रीतिकालीन नायिका-भेद के समान ही है। यदि पाठक रीतिकालीन नायिका-भेद का अध्ययन करके अपने ज्ञान-भंडार की वृद्धि कर लें तो उन्हें भावनाओं के व्यक्तीकरण में अपूर्व सहायता मिलेगी। विस्तार-भय के कारण हम यहाँ अधिक उदाहरण नहीं दे सकते, फिर भी एक उदाहरण देखिए :—

मध्या खंडिता

जावक लिलार, ओठ अंजन की लीक सोहै,
खैये न अलीक लोक-लीक न बिसारिए।
कवि 'मतिराम' छाती नख-छत जगमगै,
डगमगै पग सूधै मग में न धारिए॥
कसकैं उघारत हौ पलक-पलक यातैं,
पलका पै पौढ़ि स्रम राति कों निवारिए।
अटपटे बैन मुख बात न कहत बनै।
लटपटे पेंच सिर-पाग के सुधारिए॥१२५॥
कोऊ करौ कितेक यह, तजौ न टेव गुपाल।
निस औरनि के पग परौ, दिन औरनि के लाल॥१२६॥*

मतिराम के इस चित्र से रामकली के निम्नलिखित प्रसिद्ध छोटे खयाल की तुलना कीजिए :—

सिगरी रैन के जागे, पागे।
सुघर चतुर सुरजन बालमवा, भोरहि मोरे आए॥
बिन गुन माल अधर पर अंजन जावक तिलक लगाए।
हरिरँग कवन सती बड़भागिन, तन-मन-धन न्यौछावर करिए॥

---

* मतिराम-ग्रन्थावली, पृष्ठ २६७-२६८

यह चित्र पूर्णतया तो नहीं, फिर भी बहुत-कुछ मतिराम के चित्र के समकक्ष है। तात्पर्य यह है कि समुचित रस-योजना ही संगीत का मूल उद्देश्य है। किंतु रस का यह व्यक्तीकरण बिना अनुभूति के अधूरा रह जाता है। जिसे स्वतः ही रसानुभूति नहीं है, वह रस-निरूपण कर भी कैसे सकता है! अतः गायक का अनुभव बहुत गहरा और सच्चा होना चाहिए। जो गायक शराब, भाँग इत्यादि का सेवन करते हैं, उनका उद्देश्य भी यही होता है कि नशे के कारण भावनाएँ उद्दीप्त हो जाएँ, जिससे उन्हें भावव्यक्तीकरण में सहायता मिल सके। किंतु भावनाओं का यह व्यक्तीकरण तो अधूरा ही नहीं, प्रत्युत दूषित भी है। नशे के आवेश में निकली हुई भावनाएँ सच्चे हृदय का व्यक्तीकरण नहीं, प्रत्युत वासना और कामुकता की दुर्गन्ध की प्रतीक होती हैं। आराध्यदेव के चरणों में आत्मसमर्पण करके अपने अहम् को भुलाकर ही सच्ची भावुकता प्राप्त होती है। यह भावुकता कभी भी नशे के अधीन नहीं रहती। यह वह नशा है, जो सदैव स्थित रहता है। इसी से प्रायः सच्चे गायक को किसी-न-किसी का इष्ट अवश्य होता है। जब वह गाता है तो पहले हृदय में इष्टदेव को प्रणाम कर लेता है और जब गाना समाप्त करता है, तब भी उसे प्रणाम करना नहीं भूलता। भक्त के हृदय में भगवान् का सदैव निवास रहता है। भक्त भी इसे अच्छी तरह जानता है :—

रसना हमारी चारु चातकी बनी है ऊधौ,
पी-पी की बिहाय और रट रटि हैं नहीं।
लौटि-पीटि बात कौ बवंडर बनावत क्यों,
हिय तैं हमारे घनस्याम हटि हैं नहीं॥

—रत्नाकर

किंतु इतनी दृढ़ भक्ति पूर्वजन्म के संस्कार पर ही अवलंबित है। जो चाहे, वही उत्कृष्ट भक्त नहीं बन सकता। सर्वेश्वर के चरणों में अटूट प्रेम उसी की कृपा पर अवलंबित है। वे लोग सचमुच धन्य हैं, जिन्हें अपने आराध्य के चरणों में अविचल भक्ति होती है। हृदय में भक्ति-भावना का बीज होने पर वह बीज भगवान् की

कृपा-वारि-वृष्टि से आप ही पल्लवित हो उठता है, अपनी इच्छा-मात्र से कोई भावुक प्रेमी अथवा भक्त नहीं बन सकता।

इश्क़ पर ज़ोर नहीं, है ये वो आतिश ग़ालिब।
जो लगाए न लगे और बुझाए न बने॥

हम अभी निवेदन कर चुके हैं कि भावुकता संगीत का प्राण होते हुए भी अपने हाथ की बात नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति सच्चा प्रेमी नहीं हो सकता। ऐसी परिस्थिति में जबकि अपनी निज की भावुकता न्यून हो, साहित्यानुशीलन द्वारा तथा अन्यान्य व्यक्तियों के जीवन की मार्मिक घटनाओं का मनोवैज्ञानिक सूक्ष्म विश्लेषण करके अपने अनुभव को पुष्ट करते रहना चाहिए।

तथापि कोरी भावुकता से भी काम नहीं चल सकता। हृदय की भावुकता संगीत के ताल, स्वर, राग-नियम इत्यादि के सहारे व्यक्त होती है। अतः शास्त्रीय दृष्टि से रागों का सूक्ष्म तथा यथातथ्य अध्ययन, पूर्ण ताल-ज्ञान तथा सच्चा स्वर-ज्ञान बड़ा आवश्यक है। यदि राग, स्वर और ताल पर पूर्णाधिकार नहीं है, तो फिर भावुकता किसके द्वारा व्यक्त होगी! संगीत तो क्रियात्मक (Practical) विद्या है, केवल सैद्धान्तिक (Theoritical) अध्ययन से काम नहीं चल सकता। सिद्धांत (Theory) और क्रिया (Practice) दोनों का सहयोग ही वांछनीय है। जो जानो सो करो और जो करो उसे जानो, यही विद्या की पूर्णता है, अन्यथा कोई भी विद्या केवल एकांगी होने पर अपूर्ण ही कही जाएगी। इसी से उपर्युक्त पंक्तियों में यह निवेदन किया गया है कि केवल भावुकता-मात्र से ही काम नहीं चल सकता। भावुकता को व्यक्त करने के साधन स्वर, ताल, राग-ज्ञान इत्यादि पर भी पूर्ण अधिकार होना आवश्यक है।

इस दृष्टि से गायकों को हम चार वर्गों में विभाजित कर सकते हैं। पहला वर्ग तो उन गायकों का है, जिनमें न तो भावुकता ही होती है और न स्वर, ताल तथा राग-ज्ञान ही। ऐसे गायकों का गाना निकृष्ट श्रेणी का होता है।

दूसरा वर्ग उन गायकों का है, जिनमें ताल-ज्ञान और स्वर-ज्ञान तो पूर्णता को पहुँचा हुआ होता है, परंतु भावुकता की भारी कमी होती है। ऐसे गायकों के गाने में तानों के विभिन्न क्लिष्ट प्रकार, गले की जोरदार तैयारी इत्यादि सब-कुछ मिलेगा। 'छत्त-फाड़' और 'धरती-ढकेल' तानें भी मिलेंगी, परंतु हृदय की व्याकुलता अदृश्य रहेगी। दूसरे शब्दों में हम यों कह सकते हैं कि इस प्रकार के गाने में गायक की बुद्धि का चमत्कार-प्रदर्शन होने से हमें उसके मस्तिष्क के विकास का तो ज्ञान हो जाता है, किंतु भावुकता की कमी के कारण उसके हृदय की संवेदनशीलता का पता नहीं लगता। इसी कारण ऐसे गायकों का गाना सुनकर मार्मिक श्रोता यही कह देते हैं कि 'साहब, तैयारी तो खूब है, पर गले में दर्द नहीं है; गाने में रस नहीं आया।

तीसरा वर्ग उन गायकों का होता है, जिनमें चरम सीमा की भावुकता परिलक्षित होती है, परंतु स्वर, ताल और राग-ज्ञान का अभाव होता है। इस वर्ग के गायकों की आवाज में लोच मिलेगा। पर गले की तैयारी तथा संगीत की बारीकियों की कमी खटकती रहती है। फिर भी ऐसे गायकों के लिए उन्नति का पर्याप्त क्षेत्र है; क्योंकि उनके पास भावुकता तो होती ही है, जो परिश्रम से नहीं आती। हाँ, ताल, स्वर और राग-ज्ञान अपने परिश्रम के अधीन अवश्य होता है, जिसे वे परिश्रम द्वारा प्राप्त कर सकते हैं।

अब हम चौथे वर्ग पर विचार करेंगे। इस वर्ग के गायक सच्चे भावुक भी होते हैं और स्वर, ताल तथा राग के पूर्ण पंडित भी। इसी कारण इनके संगीत में उनकी भावुकता धारावाहिक रूप से प्रवाहित हो उठती है। ऐसा ही संगीत हमें लोकोत्तर आनंद प्राप्त कराता है। संवेदनात्मक हृदय और मस्तिष्क के उच्चतम विकास को स्पष्ट कर देनेवाला संगीत ही वास्तविक संगीत है। स्वर्गीय विष्णुदिगंबर जी ऐसे ही गायक थे।

आलाप

मानव-मनोवृत्ति भावना और बुद्धि, दोनों ही से सम्बन्धित है। हृदय का सम्बन्ध भावुकता से और बुद्धि का चमत्कार-प्रदर्शन से है। रागालाप में ही गायक अपना हृदय खोलता है। इसी कारण तानों की अपेक्षा आलाप का महत्त्व अधिक है। तानें यदि बुद्धि का चमत्कार हैं तो आलाप हृदय की भावुकता है। गाना आरंभ करते समय राग की आराधना करने के लिए, अथवा यों कहिए कि राग का स्वरूप अपने और श्रोताओं के मन में प्रतिष्ठित करने के लिए गायक बिना ताल के और बिना गीत के ही थोड़ी देर तक अकार से राग में प्रयुक्त होनेवाले स्वरों को गाता रहता है। यह आलाप का पहला रूप है। अति प्राचीन काल में तो बस इसी प्रकार से आलाप-मात्र करके गाना समाप्त कर दिया जाता था। ध्रुवपद-गायक तो अब भी अपने ध्रुवपद को ताल और गीत के साथ आरंभ करने के पूर्व घंटों तक नोम्, तोम् इत्यादि शब्दों के साथ आलाप करते रहते हैं और तब कहीं उनके ध्रुवपद का गीत ताल के साथ आरंभ होता है। आलाप का यह प्राथमिक रूप बहुत ही भव्य, कलात्मक और भावपूर्ण होता है। जो गायक जितना भावुक होता है, उसका आलाप भी उतना ही सौन्दर्यपूर्ण होता है। कविवर सेनापति का निम्नलिखित कवित्त इसी प्रकार आलाप को लक्ष्य करके लिखा गया है :—

लाल मनरंजन के मिलवे को मंजन कै,
चौकी बैठि बार सुखवति बर नारी है।
अंजन, तमोर, मनि, कंचन, सिंगार बिन,
सोहत अकेली देह सोभा कै सिंगारी है।
सेनापति सहज की तन की निकाई ताकी,
देखकै दृगन जिय उपमा बिचारी है।

ताल गीत बिन, एक रूप कै हरति मन,
परबीन गाइन की ज्यौं अलापचारी है ॥

—सेनापति

भावार्थ यह है कि प्रिय से मिलने के लिए बैठी हुई कृत्रिम शृंगारों से विहीन नायिका अपने स्वाभाविक सौन्दर्य से इस प्रकार सुशोभित हो रही है, जिस प्रकार प्रवीण गायक का आलाप, ताल और गीत से रहित केवल अपने स्वतंत्र स्वाभाविक रूप में अच्छा मालूम होता है।

नोम्-तोम् के साथ इस प्रकार के आलाप का ढंग प्रायः मुसलमान गायकों में दिखाई देता है। फ़ैयाज खाँ (बड़ौदा) का नोम्-तोम् बहुत ही उत्कृष्ट श्रेणी का होता था। नोम्-तोम् का यह ढंग प्रायः बिना ताल के और बिना गीत के ही होता है। परंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि गाने के आरंभ में ही आलाप समाप्त हो जाता है। ताल के साथ गीत का आरंभ हो जाने पर भी आलाप चलता रहता है, परंतु गीत शुरू होने पर प्रायः नोम्-तोम् न कहकर अकार द्वारा ही राग में लगनेवाले स्वरों का विस्तार किया जाता है। यहाँ से आलाप के चार विभाग हो जाते हैं—१. स्थायी का आलाप, २. अंतरे का आलाप, ३. संचारी-आलाप, ४. आभोग-आलाप। अब इनमें से प्रत्येक पर कुछ विस्तार के साथ विचार कर लेना चाहिए। उक्त चारों विभागों में प्रथम दो अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। अर्थात् स्थायी और अन्तरे का आलाप पूर्ण करके प्रायः आलाप का काम समाप्त ही समझ लिया जाता है।

१. स्थायी का आलाप

यह आलाप मध्य-सप्तक के षड्ज से आरंभ होता है। गायक पहले मध्य-सप्तक के षड्ज को भली-भाँति दर्शाता रहता है, मन्द्र-सप्तक में वह चाहे जितना नीचा जा सकता है, परंतु उसका पहला आलाप प्रायः मध्य-षड्ज से आगे नहीं जा सकता। राग के आरोहा-वरोह-स्वरूप के अनुसार राग के वर्ज्यावर्ज्य स्वरों का निर्णय कर लिया जाता है। यदि राग पूर्वांगवादी हुआ तो प्रायः वादी स्वर से

ही राग का आरंभ कर दिया जाता है। रागालाप के उदाहरणों में हम प्रस्तुत पुस्तक के ही उदाहरण रखेंगे। भूपाली का पहला ही आलाप देखिए, गांधार से शुरू हो रहा है; क्योंकि इसका वादी स्वर गांधार है, परंतु यह आवश्यक नहीं है कि यदि राग पूर्वांग-वादी हो तो आलाप वादी स्वर से ही शुरू करना चाहिए। साधारण नियम तो यही है कि पहले मध्य-षड्ज ही दिखाया जाए। बिहाग राग का पहला आलाप देखिए, इसमें बारंबार षड्ज को ही दर्शाया गया है। मंद्र-सप्तक में स्वतंत्रता से घूमते हुए भी षड्ज से आगे नहीं बढ़ा गया है। जरा-सा ऋषभ प्रयुक्त भी हुआ है, तब भी वह केवल षड्ज का ही सौन्दर्य दिखा रहा है।

षड्ज का काम समाप्त करके फिर प्रत्येक आलाप में एक-एक स्वर जोड़ते हुए आलाप को आगे बढ़ाते चले जाते हैं। बिहाग के आलाप में दूसरा आलाप देखिए। षड्ज के बाद अब ऋषभ की बारी है, परंतु ऋषभ केवल अवरोह में ही आना चाहिए, क्योंकि बिहाग के आरोह में ऋषभ वर्जित है, अवरोह में भी ऋषभ दुर्बल ही है, अतः बिहाग के आलाप में ऋषभ का काम केवल नाम-मात्र को ही किया जाता है। इसी से बिहाग के स्वर-विस्तार में दूसरा आलाप यद्यपि ऋषभ का काम दिखाने के लिए किया गया था तथापि वहाँ गांधार स्वर आ गया है, क्योंकि ऋषभ का दौर्बल्य ही हमारा इष्ट था। इस आलाप में वादी स्वर गांधार का स्पर्श मध्यम के सहारे से ऐसे ढंग से कर दिया गया है कि वह यह सूचना दे रहा है कि इससे आगेवाला आलाप क्रम के हिसाब से भी ऋषभ के बाद गांधार का ही होगा और गांधार के प्रति हमें विशेष मोह भी है, क्योंकि यही राग का वादी स्वर है।

तीसरा आलाप ऋषभ का काम समाप्त करके गांधार का आलाप है। गांधार वादी स्वर है। प्रत्येक रागालाप में वादी स्वर का आलाप बहुत ही महत्त्वपूर्ण होता है, क्योंकि वादी स्वर पर ही राग का स्वरूप निर्भर है। इसी से वादी स्वर का काम दिखा जाने के बाद भी राग के आलाप-भर में वादी स्वर सदैव एक महत्त्वपूर्ण विश्रांति-स्थान बना रहता है। यदि पंचम वर्जित

हो अथवा अल्प हो, तब तो बात दूसरी है, अन्यथा प्रत्येक राग में पंचम भी महत्त्वपूर्ण विश्रांति-स्थान है। मानो आलाप-रूपी रेलगाड़ी के षड्ज, पंचम, वादी स्वर इत्यादि महत्त्वपूर्ण जंकशन (स्टेशन) हों। तीसरे आलाप में गांधार का ही काम है, परन्तु दूसरे आलाप में भी हम गांधार का काम दिखा चुके हैं, अत: मध्यम और पंचम का स्पर्श कर लिया गया है। इस आलाप में एक विशेषता यह है कि मंद्र-सप्तक के पंचम से लेकर मध्य-सप्तक के पंचम तक क्षेत्र स्थापित कर लिया गया है और इसी क्षेत्र में स्वरों को स्वतन्त्र रूप से घुमाया जा रहा है। धैवत बिहाग में दुर्बल है, अत: इस आलाप को समाप्त करते समय उसका भी क्वचित् स्पर्श कर दिया गया है।

चौथे आलाप में मुख्यत: पंचम का काम है। वादी स्वर गांधार महत्त्वपूर्ण विश्रांति-स्थान बना हुआ है। यहाँ भी प्राय: मंद्र-सप्तक के पंचम से मध्य-सप्तक के पंचम तक का ही क्षेत्र स्थापित हो रहा है। किंतु निषाद का भी कुछ थोड़ा-सा काम आ गया है, क्योंकि आरोह में धैवत वर्जित होने से आगे निषाद का ही काम किया जाएगा। इसी आगामी आलाप की सूचना निषाद दे रहा है।

निषाद बिहाग का संवादी स्वर है, अत: यह भी एक महत्त्वपूर्ण विश्रांति-स्थान है। पाँचवें आलाप में निषाद का काम दिखाया गया है। छठा आलाप भी निषाद का ही काम दिखा रहा है। जिस तरह तीसरे और चौथे आलाप में पंचम का क्षेत्र स्थापित किया गया था, उसी तरह छठे आलाप में मंद्र-सप्तक के निषाद से मध्य-सप्तक के निषाद तक का एक क्षेत्र स्थापित करके उसमें स्वतंत्रता से घुमाया जा रहा है। इस प्रकार से विभिन्न रागों में विभिन्न स्वरों का क्षेत्र स्थापित करके आलाप किया जा सकता है। निषाद का काम समाप्त करके फिर क्वचित् तार-षड्ज का स्पर्श करके मध्य-षड्ज पर रागालाप समाप्त कर दिया जाता है। बिहाग में छठा आलाप

ग म प ध ग म ग ऽ सा पर ही समाप्त हो जाता है, परन्तु यदि इसके बाद बड़े खयाल का मुखड़ा 'हो माई आज' लेना है तो उसका आरंभ उत्तरांग में हो रहा है। अत: 'नि़ सा ग म प नि ऽ ऽ सां' कहकर उत्तरांग में प्रवेश कर जाना चाहिए, जिससे गीत का मुखड़ा

(आरंभिक पंक्ति का मुख्य वाक्यांश) न बिगड़ जाए। इस कृत्य के पश्चात् स्थायी का आलाप समाप्त हो जाता है। तात्पर्य यह है कि स्थायी के आलाप में षड्ज के बाद क्रमशः एक-एक स्वर जोड़ते हुए धैवत, निषाद तक चले जाते हैं, फिर तार-सप्तक के षड्ज का स्पर्श करके उतरते हुए मध्य-सप्तक के षड्ज पर आलाप समाप्त कर दिया जाता है। प्रत्येक आलाप के बाद गीत का मुखड़ा तालबद्ध आता रहता है तथा प्रत्येक आलाप लय में ताल के साथ चलता रहता है।

अंतरे का आलाप

अंतरे के आलाप की उठान प्रायः मध्य-सप्तक के गांधार, मध्यम या पंचम से शुरू होती है। हरएक राग के अंतरे का उठाव अपने निजी निराले ढंग से होता है। क्योंकि अंतरे का उठाव यह दिखाता है कि इस राग के उत्तरांग में प्रवेश किस तरह होगा, अतः प्रत्येक राग के अंतरे के उठाव पर खूब ध्यान रखना चाहिए। अंतरे के आलाप में यही मुख्य बात है भी। इसके बाद तो तार-सप्तक में मंद्र और मध्य-सप्तक में किए स्थायी के काम की ही पुनरावृत्ति होने लगती है (किंतु स्थान-भेद हो जाने के कारण यह पुनरावृत्ति अच्छी ही प्रतीत होती है), अतः अंतरे का पहला आलाप तार-षड्ज का काम दिखाता है। अंतरे का आलाप यह बतला देता है कि राग के तार-षड्ज से किस प्रकार मिलना चाहिए। बिहाग का सातवाँ आलाप तार-षड्ज का काम दिखा रहा है। ध्यान रखना चाहिए कि तार-षड्ज बहुत ही महत्त्वपूर्ण विश्रांति-स्थान है। अतः इसपर गले को जितना ठहराया जा सके, उतना ठहराना चाहिए। जिन गायकों को आलाप का उचित ढंग नहीं मालूम होता है, वे भी तार-षड्ज पर रुककर अपने गाने में सौन्दर्य पैदा कर लेते हैं। फिर यदि आरम्भ से ही आलाप सुव्यवस्थित ढंग से किया गया है, तो तार-षड्ज की विश्रांति कितनी प्रभावशालिनी होगी।

तार-षड्ज के काम के बाद फिर स्थायी की तरह क्रमशः तार-सप्तक में ऋषभ, गांधार, मध्यम और पंचम का काम दिखाया जाता है। स्थायी के प्रत्येक आलाप की समाप्ति प्रायः मध्य-सप्तक के षड्ज पर होती है, किंतु अंतरे का प्रत्येक आलाप प्रायः तार-षड्ज

पर समाप्त किया जाता है। गीत की स्थायी की रचना मुख्यत: मंद्र और मध्य-सप्तक के स्वरों से होती है, इसी कारण स्थायी के आलाप में मन्द्र और मध्य-सप्तक के स्वरों का प्राधान्य होता है, किंतु अन्तरे की रचना मध्य और तार-सप्तक में होती है, इसी कारण अन्तरे के आलाप में मध्य और तार-सप्तक के स्वरों का प्राधान्य रहता है। क्योंकि अन्तरे में स्थायी में किए हुए काम की ही पुनरावृत्ति होती है, इस कारण अन्तरे में अधिक स्वर-विस्तार नहीं किया जाता। स्थायी का स्वर-विस्तार अधिक रहता है।

अन्तरे के आलाप पूर्ण होने पर आलाप का काम प्रायः समाप्त हो जाता है। किंतु गायक संचारी और आभोग का भी आलाप करते हैं। संचारी का आलाप प्रायः सा, म अथवा प से शुरू होता है और तार-षड्ज तक जाता है। इसमें गमक का प्रयोग अधिक होता है। मीड़ और आंदोलित स्वरों के दिखाने का भी प्रयत्न किया जाता है। संचारी के आलाप मध्यम, पंचम या मध्य-सप्तक के षड्ज पर ही समाप्त भी होते हैं। संचारी के बाद स्थायी न कहकर एकदम आभोग शुरू हो जाता है। आभोग का स्वर-विस्तार (आलाप) अन्तरे की ही तरह होता है। विशेषता केवल यही है कि आभोग के आलापों में तार-सप्तक में अपनी शक्ति-भर ऊँचे-से-ऊँचा जाने का प्रयत्न किया जाता है। प्राय: गायक तार-सप्तक के निषाद तक गला पहुँचा देते हैं। परन्तु गला सफाई के साथ चढ़ना चाहिए। आवाज में दोष न आने पाए और गला ऊँचे-से-ऊँचा चढ़ जाए, यही आभोग के आलाप की विशेषता है।

किंतु यह तो आलाप की साधारण रूप - रेखा है। आलाप का ढाँचा गायक की कल्पना पर निर्भर करता है। भावुक गायक की कल्पना-शक्ति बड़ी प्रखर और मार्मिक होती है। जिस समय वह अपने कल्पना-राज्य में विचरण करता है, तब मानो रजत-पट के चित्रों के समान उसके सामने अतीत की मधुर स्मृतियाँ सजीव होकर आने लगती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि गायक की कल्पना मार्मिक तो होती ही है, साथ ही उत्तरोत्तर नवीन भी होती जाती है। भावुकता की विशेषता के आधार पर गायक का आलाप मार्मिक और उत्तरोत्तर नवीन होता जाता है। आलाप का

यही मनोवैज्ञानिक आधार है। कल्पना यदि सजीव, मार्मिक, प्रौढ़ और उत्तरोत्तर नवीन होती जाती है तो आलाप भी सुन्दर से सुन्दरतर और सुन्दरतर से सुन्दरतम होता चला जाता है। किन्तु इस कल्पना का भी मूल आधार हृदय के समुचित विकास और रसानुभूति पर निर्भर है। इसी कारण पिछले पृष्ठों में हमें राग तथा रस के विषय में अधिक जोर देना पड़ा है। जो हृदय अतीत की मधुर स्मृतियों से भावी काल्पनिक जगत् का निर्माण नहीं कर सकता, अथवा प्रत्यक्ष रसानुभूति से स्वतः रसमग्न नहीं हो जाता, वह दूसरे पर अपने संगीत का क्या प्रभाव डाल सकेगा! दूसरे शब्दों में इसे यों कह लीजिए कि यदि गायक को अपने गाने में खुद ही मजा नहीं आया तो दूसरे को क्या खाक मजा आएगा!

मार्मिक और उत्तरोत्तर नवीन होती जानेवाली कल्पना में एक विशेषता और होनी चाहिए, वह यह कि कल्पना ऐसी न हो, जिससे राग-हानि हो जाए। आलाप का वास्तविक सौन्दर्य यही है कि उससे राग का स्वरूप न बिगड़ने पाए। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रत्येक राग का प्रत्येक आलाप ऐसा होना चाहिए, जो इष्ट-राग का ही व्यक्तीकरण करनेवाला हो। प्रत्येक राग से सम्बन्ध रखनेवाले अन्यान्य समप्राकृतिक रागों से भली-भाँति बचाते हुए ही आलाप करना चाहिए, अन्यथा राग-हानि से रस-हानि हो जाएगी।

कुशल गायक रागालाप में तिरोभाव और आविर्भाव भी बड़ी सुन्दरता से दिखाते हैं। तिरोभाव के माने हैं, थोड़ा छिपा देना और आविर्भाव का अर्थ है, फिर प्रकट कर देना। किसी खास राग का आलाप करते समय उसके समप्राकृतिक राग का स्वरूप छाया-मात्र लाकर अन्य राग का कुछ भान कराया जाता है, यह तिरोभाव हुआ! परन्तु शीघ्र ही फिर अपने राग के मुख्य स्वरों पर जोर देकर इष्ट-राग का साम्राज्य स्थापित कर दिया जाता है, यह कृत्य आविर्भाव करना कहलाता है। आविर्भाव और तिरोभाव का यह चमत्कार समप्राकृतिक रागों द्वारा ही हो सकता है। समप्राकृतिक रागों में बहुत से स्वर समान (Common) होते हैं। अतः उन समान (Common) स्वर-समुदायों के सहारे जान-बूझकर अन्य राग में क्वचित् प्रवेश कर लिया जाता है। उदाहरणार्थ जयजयवंती

गाते-गाते पूर्वांग में छायानट की झलक दिखाई जा सकती है, पूर्वांग में इन दोनों रागों के कुछ स्वर-समुदाय साधारण हैं। लेकिन जयजयवंती सुननेवालों को जब तक यह भान हो कि 'क्या यह जयजयवन्ती छायानट में घुसी जा रही है!' तब तक गायक बड़ी कुशलता से जयजयवन्ती के मुख्य अंग के साथ छायानट से बाहर निकल आता है। इस प्रकार से उसका तिरोभाव का कृत्य समाप्त होकर फिर जयजयवन्ती का आविर्भाव हो जाता है। मार्मिक श्रोता यह देखकर बड़े प्रसन्न होते हैं कि छायानट की छाया को छूता हुआ गायक कैसी कुशलता से अछूता बचकर निकल गया। जयजयवन्ती के उत्तरांग में इसी प्रकार देस राग द्वारा तिरोभाव और आविर्भाव का कौशल दिखाया जाता है। किन्तु इतना उत्कृष्ट आलाप अत्यन्त कुशल गायकों को ही साध्य होता है।

आलाप में कभी रटन्त विद्या काम नहीं देती, रटकर आलाप तैयार नहीं होता। इसमें तो नवीन और मार्मिक कल्पनाएँ ही काम देती हैं। हाँ, आरम्भ में कुछ आलाप रटे जा सकते हैं, इससे गला राग के स्वरों में उचित ढंग से घूमने लगता है। किन्तु जहाँ तक हो सके, जल्दी-से-जल्दी बँधे हुए आलापों से पीछा छुड़ाकर स्वतन्त्र रूप से आलाप करना आरम्भ कर देना चाहिए। केवल लिखे हुए आलापों से भी काम नहीं चल सकता। स्वरों का पढ़ लेना और बात है तथा उनका गाना और बात है। यह ठीक है कि आलाप-तान की पुस्तकें गायकी समझाने में बड़ी भारी सहायक होती हैं, परन्तु यहाँ सब-कुछ नहीं है। स्वरों का उचित ढंग से उच्चारण, आवाज की लोच, स्वरों का मार्मिक विश्लेषण यह सब योग्य गुरु से सीखने पर ही आ सकता है। फिर भी कुछ सामान्य नियम ऐसे अवश्य हैं, जिनके आधार पर गायकी का साधारण स्वरूप निर्धारित किया जा सकता है और ऐसे ही नियमों का निरूपण प्रस्तुत पुस्तक का उद्देश्य है।

प्रत्येक राग के आलाप में एक और भी विशेषता देखी जाती है। प्रायः पूर्वांग, उत्तरांग तथा तार-सप्तक में एक-एक पूर्व-निश्चित छोटा-सा स्वर-विन्यास रखा रहता है, उसी स्वर-विन्यास को आधारभूत मानकर उसमें अन्यान्य स्वरों को क्रमशः जोड़ते चले जाते हैं। उदाहरण के लिए तिलककामोद का आलाप लीजिए,

पूर्वांग में एक टुकड़ा सा रे, ग ऽऽ रे रे, सा नि़ सा रखा हुआ मिलेगा।

यदि शेष आलापों को ध्यान से देखा जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि पूर्वांग के आलाप के अन्य स्वर-समुदाय प्रायः इसी टुकड़े के आस-पास चक्कर काट रहे हैं। इसी में कभी मन्द्र-सप्तक का प़ नि़ जोड़कर इसका रूप प़ नि़ सा रे ग सा रे ग ऽऽ रे सा नि़ सा कर लिया जाता है तो कभी पूर्वांग में कुछ आगे बढ़कर इसी स्वर-समुदाय के साथ रे प म ग जोड़ दिया जाता है। स्थायी का प्रत्येक आलाप अपनी समाप्ति भी सा रे ग ऽऽ रे सा नि़ सा के साथ करता हुआ दिखाई दे जाएगा। पूर्वांग से आगे बढ़ने के लिए रे प म ग की जगह कभी-कभी रे म ग भी दिखाई दे जाएगा। इसके आगे उत्तरांग का क्षेत्र खुला हुआ है। पूर्वांग की तरह यहाँ भी हमें एक छोटा-सा स्वर-विन्यास मिलेगा। म प ध ऽ म इस टुकड़े को देखिए। उत्तरांग के आलाप इसी स्वर-विन्यास के चारों तरफ घूम रहे हैं। यहाँ से यदि पूर्वांग में लौटना है तो इसमें गांधार जोड़कर नीचे उतर आइए; जैसे—म प ध ऽ ऽ म ग, सा रे ग सा ऽ सा ऽ नि़ और यदि तार-सप्तक में प्रवेश करना है तो इसी टुकड़े के आगे पंचम जोड़कर निषाद के सहारे से तार-सप्तक के षड्ज में चले जाइए; जैसे—म प ध म प नि ऽ ऽ सां। स्थायी के आलाप में ये तरकीबें काम दे जाएँगी। इसके बाद अन्तरे का आलाप शुरू होता है। तार-सप्तक से यदि नीचे उतर कर आना है तो सां ऽ ऽ ऽ प इस तरह षड्ज से पंचम तक की एक लम्बी मींड़ लेनी पड़ेगी और यदि आगे बढ़ना है तो स्थायी के आलाप की बढ़तवाली युक्ति काम देगी; क्योंकि तार-सप्तक के आलाप में मन्द्र और मध्य-स्थान के (स्थायीवाले) काम की ही पुनरावृत्ति होती है। परन्तु यह स्थान-भेद बड़ा रोचक हो जाता है, इस कारण स्थायी के आलाप की पुनरावृत्ति तार-स्थान में बड़ी अच्छी मालूम होती है। प्रत्येक राग में मन्द्र, मध्य और तार अथवा पूर्वांग, उत्तरांग और तार-सप्तक में एक-एक विशिष्ट स्वर-समुदाय

ऐसा रखा हुआ मिलेगा, जिसके आधार पर राग के आलाप को विस्तृत किया जाता है। यदि इस विश्लेषणात्मक दृष्टि से पाठक प्रत्येक राग का निरीक्षण करें तो उन्हें इन टुकड़ों को पहचान लेना कठिन नहीं होगा; और इन स्वर-समुदायों के आधार पर राग के आलाप में पर्याप्त सुविधा हो जाएगी। प्रत्येक राग के विश्रांति-स्थान पर सदैव ध्यान देना चाहिए। यदि स्वर ठीक भी लग रहे हैं, तब भी केवल विश्रांति-स्थान अशुद्ध हो जाएँ तो राग भ्रष्ट हो सकता है। भैरव और कालिंगड़ा में यह तथ्य बड़ा महत्त्वपूर्ण है। कालिंगड़ा में यदि गांधार को विश्रांति-स्थान न बनाकर ऋषभ को विश्रांति-स्थान बना दिया जाए तो राग भ्रष्ट हो जाएगा। यानी यहाँ कालिंगड़ा की जगह भैरव दृष्टिगोचर होने लगेगा। विश्रांति-स्थान को लिखकर बताने के लिए कौमा अथवा अवग्रह ऽ ऽ ऽ का प्रयोग किया जाता है। अतः लेखन-पद्धति में कौमा और अवग्रह बहुत ही महत्त्व के माने जाते हैं।

आलापचारी में एक महत्त्व की बात है, कुछ विशिष्ट स्वरों की संगति। यह स्वर-संगति प्रत्येक राग में तो नहीं होती, किन्तु जिन रागों में यह स्वर-संगति दिखाई दे, उन्हें भली-भाँति हृदयंगम कर लेना चाहिए। तिलककामोद के उदाहरण में हमने सां ऽ ऽ प एक ऐसी ही स्वर-संगति को देखा था। किसी एक राग में हमें रे प को संगति दिखाई देगी तो किसी दूसरे राग में प रे की स्वर-संगति दृष्टिगोचर होगी। श्री राग के आलाप में रे प स्वर-संगति का चमत्कार है तो जयजयवन्ती में प़ ऽ ऽ रे स्वर-संगति का माधुर्य है। वृन्दावनी सारंग में प्रायः म रे की स्वर-संगति दिखाई देगी। इस स्वर-संगति से राग के कुछ मार्मिक स्वर-विन्यास की उद्भावना होती है। प्रायः गायक-वादक राग के वादी-संवादी स्वरों की जोड़ी बनाकर भी स्वर-संगति का निर्माण कर लेते हैं। भैरव में ध़ रे़, आसावरी में ध़ ग़, यमन में नि़ ग ऐसी ही स्वर-संगतियों के उदाहरण हैं। परन्तु सबसे महत्त्वपूर्ण स्वर-संगति रे प और प रे की ही है। इस स्वर-संगति में प्राचीन कलाकारों का अपूर्व कौशल दिखाई देता है, क्योंकि इससे भिन्न-भिन्न रागों के अंग बनते चले जाते हैं।

यदि एक ही राग पर कई महीनों तक अभ्यास किया जाए तो उसमें स्वत: ही नवीन-नवीन कल्पनाएँ होने लगती हैं। कम-से-कम छह माह तक तो एक राग का अभ्यास किया जाए, तब कहीं उस राग में कुछ सिद्धि प्राप्त होने लगती है। परन्तु परीक्षा के पाठ्यक्रम और समय का बन्धन तथा स्वत: अपने ही चित्त की अस्थिरता शीघ्र ही एक राग से दूसरे राग पर भाग जाने की प्रेरणा करती है। फलत: राग के माधुर्य में भी कमी रह जाती है। असली रियाज तो परीक्षा के बाद ही होता है, जब सुविधा से चित्त-वृत्ति का निरोध करके महीनों एक ही राग पर अभ्यास किया जाता है। राग के अभ्यास द्वारा मँज जाने पर उसके मार्मिक अंश स्वत: बनने लगते हैं। प्रत्येक गायक अभ्यास की शक्ति से अपने राग के मार्मिक अंश पहले से ही निर्धारित कर लेता है और समय पर उनका उपयोग करता है। अत: अच्छे गायकों का गाना सुनते समय इन मार्मिक स्वरूपों पर बड़ा ध्यान रखना चाहिए। देस राग में रे ऽ रे नि़ ऽ ऽ ऽ ऽ धनिध, पधप, मपम रे म प नि़ ध प, अथवा दरबारी में नि़ नि़ प म रे म प नि़ ग़ ऽ ऽ ऽ म म रे सा नि़ सा ध़ नि़ रे ऽ सा, ऐसे मार्मिक स्वरूपों के बहुत ही साधारण तथा अधूरे उदाहरण हैं। उमंग में गायक की कल्पना कब कैसी उड़ान लेगी, इसे कौन कह सकता है!

आलाप-सम्बन्धी अब तक की विवेचना का संक्षिप्त रूप यह है :—

१. किस स्वर पर कितना रुकना चाहिए।
२. किस समप्राकृतिक राग को किस प्रकार बचाना चाहिए।
३. कौनसी स्वर-संगति को सम्हालना चाहिए।
४. तीनों सप्तकों में कौनसे भिन्न-भिन्न रागवाचक टुकड़े हैं।
५. मध्य-षड्ज और तार-षड्ज से मिलने के क्या ढंग हैं।
६. राग के पूर्व-निर्धारित जीवभूत मार्मिक अंश कौन-कौनसे हैं।
७. राग और काव्य के संयोग से कौनसा रस व्यक्त किया जाना चाहिए।

तानों के प्रयोग में भी उपर्युक्त नियमों से सहायता मिलेगी। किन्तु यह ध्यान रखना चाहिए कि राग का सच्चा स्वरूप तानों में

नहीं दिखाई देगा। राग का संपूर्ण माधुर्य और सच्चा व्यक्तीकरण आलाप में ही है। इसी कारण तानों की अपेक्षा आलाप अधिक महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

आलाप का एक अन्य प्रकार भी है, जिसे बोल-आलाप कहते हैं। गीत के बोलों को भावुक ढंग से आलाप की शैली पर गाने से बोल-आलाप बन जाता है। प्रस्तुत पुस्तक में प्रत्येक राग की बोल-तानें भी दी हुई हैं। इन बोल-तानों में प्राय: नम्बर एक और नम्बर दो, बोल-आलापों के ही नमूने हैं। कुछ-कुछ ठुमरी की शैली पर खयाल की कविता के भी बोल बनाए जाते हैं। काव्य भी साथ-साथ रहने से गायक की भावनाएँ द्रुत गति से आगे बढ़ने लगती हैं। भावना-वाली बात को हम कितनी ही बार कितने ही ढंग से कह चुके हैं, किन्तु फिर भी इसे जितना दुहराया जाए, उतना ही अच्छा है। क्योंकि भावना पर ही संगीत का भव्य प्रासाद खड़ा किया गया है। उत्तम काव्य से भावनाओं की प्रबल पुष्टि होती है, अत: उच्च काव्य की उपेक्षा कभी नहीं करनी चाहिए। गीत के भाव को समझकर उसी भावना से ओत-प्रोत होकर गाने से गायकी चौगुनी हो जाती है। जो लोग साहित्य और संगीत के सुन्दर समन्वय को 'खिचड़ी' कहकर पुकारते हैं, उनसे हमारा नम्र निवेदन है कि संगीत साहित्य से कभी अलग नहीं हो सकता और संगीत के बिना काव्य भी सुशोभित नहीं हो सकता। जो गायक संगीत में उच्च काव्य की उपेक्षा करेंगे, वे स्वत: उपेक्षित हो सकते हैं, किन्तु संगीत से उत्तम काव्य उपेक्षित नहीं हो सकता।

रागालाप में ग्रह, अंश, मन्द्र (स्थान), तार (स्थान), न्यास, अपन्यास, अल्पत्व, बहुत्व, षाडवत्व और औडुवत्व, इन दस बातों का उल्लेख होता है। रागालाप की यह परिभाषा 'संगीत-रत्नाकर' के अनुसार है। ग्रह-स्वर उस स्वर को कहते हैं, जिस स्वर से राग शुरू किया जाता है। परन्तु अब यह नियम नहीं रहा है कि अमुक राग अमुक स्वर से शुरू किया जाना चाहिए। अंश-स्वर का अर्थ है वादी स्वर। मन्द्र और तार का अर्थ है कि मन्द्र-स्थान में राग कितना नीचा जाना चाहिए (जैसे पूरिया मन्द्र-स्थान में गांधार तक जाता है) और तार-स्थान में राग कितना ऊँचा जाना चाहिए

(जैसे हिंडोल तार-स्थान में धैवत तक जाता है)। जिस स्वर पर गीत की समाप्ति होती हो, उसे न्यास-स्वर कहते हैं, परन्तु अब यह नियम भी नहीं रहा है कि अमुक राग अमुक स्वर पर ही समाप्त किया जाना चाहिए। जिस स्वर पर गाने की अवांतर (बीच की) समाप्ति हो, उसे अपन्यास कहा जाता था। यह नियम भी अब प्रचार में नहीं रहा। अल्पत्व का नियम अब भी माना जाता है। जो स्वर राग में अल्प लगता हो, उसे प्रबल नहीं होने देना चाहिए; जैसे बागेश्री में पंचम अल्प है। बहुत्व का नियम भी महत्त्व का है। स्वरों पर विश्रान्ति बहुत्व का ही नियम है। वादी और संवादी स्वरों पर तो रुका ही जाता है। इनके अलावा भी प्रत्येक राग में कुछ अन्य स्वर भी होते हैं, जिन पर रुकना आवश्यक है। यह बहुत्व का ही नियम है। षाडवत्व का नियम यह बताता है कि राग में एक स्वर वर्जित है। औडुवत्व का नियम यह बताता है कि राग में दो स्वर वर्जित हैं।

आलाप के विषय में अन्तर्मार्ग का उल्लेख भी आवश्यक है। आलाप के प्रकारों में कहीं-कहीं हमें आरोहावरोह का क्रम टूटा हुआ दिखाई देता है। यह कृत्य आलाप को अधिक सुन्दर बनाने के लिए किया जाता है और इसी को अन्तर्मार्ग कहते हैं। देस के आलाप को ध्यानपूर्वक देखिए। देस के आरोह अथवा अवरोह में पंचम वर्जित नहीं है, फिर भी म प ध ऽ म ग रे इस प्रकार से पंचम छोड़ दिया है। यहाँ पर स्पष्ट ही आरोहावरोह का नियम टूट रहा है, क्योंकि आरोहावरोह में पंचम ग्राह्य है। परन्तु क्योंकि म प ध ऽ म ग रे यह रूप राग की रंजकता को बढ़ा देता है, अतः यहाँ यह कृत्य क्षम्य ही नहीं, प्रत्युत उचित भी है। इसी प्रकार देस के उत्तरांग में नि सां रें ऽ ऽ नि ध प यह प्रयोग मिलता है। कायदा तो यह कहता है कि रें के बाद में सां आना चाहिए, क्योंकि षड्ज तो कभी भी किसी राग में वर्जित नहीं होता। परन्तु रें नि ध प कहने से राग में क्वचित् वक्रता आ जाती है और आलाप सुन्दर हो जाता है। अतः इस प्रकार के कृत्यों को अन्तर्मार्ग के अन्तर्गत स्वीकार करके युक्ति-युक्त मान लिया जाता है। प्रायः सभी रागों में अन्तर्मार्ग का प्रयोग दृष्टिगोचर होगा। अतः आलाप की इस विशेषता का भी ध्यान रखना चाहिए।

तान

कुछ लोग तान का सम्बन्ध तानसेन से जोड़ते हैं। 'तान जानकर हो गया तानसेन जग जानना' इत्यादि ऐसी ही भ्रामक बातें हैं। तान का तानसेन से कुछ भी सम्बन्ध नहीं है। तानसेन के समय तक तो ध्रुवपद का एकछत्र साम्राज्य था। किंतु ध्रुवपद में तानों का प्रयोग स्वप्न में भी नहीं किया जाता। तानसेन की मृत्यु के बहुत पीछे जब खयाल-गायकी का आधिपत्य स्थापित हुआ, तभी से तानों की उत्पत्ति मानी जानी चाहिए। तानें वस्तुतः खयाल की ही विशेषता है। ध्रुवपद के स्वरों को स्थायित्व प्राप्त है। वहाँ कंपन की गुंजाइश नहीं है, किंतु खयाल में द्रुत-रूप से तानों का प्रयोग बड़ा चमत्कारिक होता है।

संगीत के हृदय-पक्ष को आलाप व्यक्त करता है और तानों में बुद्धि का चमत्कार प्रदर्शित होता है। आड़ी-तिरछी तानें, तबले के आवर्तन के साथ गले का दो-दो चार-चार आवर्तन घूम जाना आड़ कुआड़, बिआड़ का प्रदर्शन बुद्धि का कौशल ही तो है। आलाप की-सी स्निग्ध गंभीरता यहाँ कदापि नहीं मिलेगी। इस चमत्कार-प्रदर्शन की धुन में हृदय-पक्ष का गला न घोंट दिया जाए। कुछ गायक ऐसे भी मिलेंगे, जो चार-पाँच मिनट तक आलाप करके झट तानबाजी पर उतर आते हैं। इससे उनका पांडित्य-प्रदर्शन तो अवश्य हो जाता है, किन्तु हृदय-पक्ष का व्यक्तीकरण न होने से गाने में रस नहीं आ पाता। फलतः उनका गाना एकांगी रह जाता है। संगीत में तान की अपेक्षा आलाप अधिक महत्त्वपूर्ण है। (अच्छे ध्रुवपद-गायकों तथा श्रेष्ठ वीणा-वादकों के आलाप बहुत ही सुन्दर और मर्मस्पर्शी होते हैं।) परन्तु ध्रुवपद-गायक तानों का प्रयोग नहीं करते। संस्कृत में एक धातु (क्रिया) है 'तन्', जिसका अर्थ है तानना। इस 'तन्' धातु से तान शब्द की व्युत्पत्ति हुई है। लय-विशेष में वर्ण-विन्यास करना ही तान लेना है। किन्तु इस प्रकार से लय में गला घुमाना ही सब-कुछ नहीं है। प्रायः ऐसे गायक मिलेंगे, जिनका गला बड़ी तेजी से घूमता है, आऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ करते हुए किसी प्रकार से सम पर आ जाना ही उनका एकमात्र उद्देश्य होता है, परन्तु इस आऽ ऽऽ

ऽऽ ऽऽ में लगनेवाले स्वरों का कोई खास क्रम नहीं होता। स्वरों का क्रम तो दूर की बात है, अनेक गायक तो ऐसे होते हैं, जो आऽ ऽऽ करते चले जाते हैं, परन्तु उन्हें यह स्वयं ही पता नहीं होता कि इस प्रकार आऽ ऽऽ करते हुए वे कौन-कौनसे स्वर लगा गए। किन्तु समाज की दशा कुछ ऐसी शोचनीय हो रही है कि इन बातों पर कोई ध्यान ही नहीं देता। जिस गायक का गला जितनी तेजी से घूमता है, वह उतना ही श्रेष्ठ गायक माना जाता है। गला तैयार होना गायक की विशेषता अवश्य है, परन्तु गला भी तो किसी क्रम से घूमना चाहिए। तानों का कोई तो क्रम (Order) होना चाहिए। अन्यथा घोड़े की हिनहिनाहट की तरह गला घुमाते-घुमाते फिर वह इतना खराब हो जाता है कि उसका सुधार होना कठिन हो जाता है। अव्यवस्थित रूप से गला घुमाने से तानों में दाना भी नहीं पड़ता। तान में प्रयुक्त होनेवाले स्वर यद्यपि द्रुत लय में कहे जाते हैं, परंतु इस द्रुत में भी प्रत्येक स्वर का खटका साफ-साफ सुनाई देना चाहिए। अन्यथा केवल आ ऽ ऽ ऽ ऽ कर देना और कबूतरों को दाना फेंकना एक बात हो जाएगी।

नवीन विद्यार्थियों को तान की तैयारी में बहुत ही सचेत और सावधान रहना चाहिए। प्रायः 'जल्दी-जल्दी गला घूमने लगे' इस धुन में वे आरंभ से ही तानों पर तेजी से गला घुमाने लगते हैं। परंतु गला तैयार करने का यह ढंग त्रुटिपूर्ण ही नहीं, प्रत्युत प्रबल हानिकारक भी है। इस बात पर जितना जोर दिया जाए, उतना थोड़ा है कि आरंभ में तानों को विलंबित लय में ही तैयार करना चाहिए और फिर क्रमशः एक ही तान को उत्तरोत्तर द्रुत लय में कहकर तैयार करना चाहिए। प्रत्येक तान को पहले पर्याप्त विलंबित लय में कहने से गले में उस तान के स्वर ठीक-ठीक बैठ जाते हैं। जब तान के स्वर-स्थान ठीक-ठीक लगने लगें, तब उस तान को कुछ तेज लय में कहना चाहिए। जब इस लय में भी स्वर-स्थान ठीक-ठीक लगने लगें, तब कुछ और तेज लय में उसी तान को कहना चाहिए। इस तरह से उत्तरोत्तर द्रुत लय में प्रत्येक तान को तैयार करने से गला बड़े व्यवस्थित ढंग से तैयार होता है और तानें भी चाहे जिस लय में बहुत साफ और दानेदार आने लगती हैं। परंतु खेद है कि नवीन विद्यार्थियों का तान की शुद्धता-अशुद्धता पर उतना ध्यान

नहीं रहता, जितना गला तेजी से घुमाने पर होता है। यदि गला तेजी से घुमाने के लाभ पर थोड़ा मनोनिग्रह कर लिया जाए, तो तानें बड़े ही शुद्ध रूप में तैयार हो जाती हैं और फिर ये तानें अपने शुद्ध रूप में तेज-से-तेज लय में भी बड़े आकर्षक ढंग से आ जाती हैं। हम एक बार फिर निवेदन कर देना चाहते हैं कि नवीन विद्यार्थी पहले तानों को विलंबित लय में ही तैयार करें, अन्यथा उनकी तानों में वे सब दोष आ जाएँगे, जिनका उल्लेख हम आरंभ में ही कर चुके हैं। तेजी से गला घूमना ही सब-कुछ नहीं है; तानों में प्रयुक्त होनेवाले स्वरों का स्पष्टता के साथ तेजी से गले में घूमना ही सब-कुछ हमारा उद्देश्य होना चाहिए। और इस उद्देश्य-सिद्धि की एकमात्र युक्ति यही है कि तानों को पहले विलंबित लय में कहा जाए और फिर उसी तान को उत्तरोत्तर द्रुत लय में तैयार किया जाए। प्रत्येक तान अपने शुद्ध, स्पष्ट स्वरों के साथ लय में उछलती हुई जानी चाहिए। जिस तरह आवेश में फेंकी हुई गेंद जमीन के साथ टिप्पा खाती हुई जाती है, उसी तरह आवेश के साथ निकली हुई तान का प्रत्येक दाना लय की प्रत्येक मात्रा के साथ टिप्पा खाता हुआ जाता है। अतः हाथ से ताली देकर तथा उँगलियों से मात्राओं की गणना करते हुए तानों को तैयार करना आवश्यक है। लयकारी का सच्चा आनन्द यही है कि एक-एक मात्रा ही नहीं, प्रत्युत एक मात्रा का छोटे-से-छोटा हिस्सा भी अपने क्रम में सदैव स्पष्ट दीखता जाए। लय की सच्चाई में गायक का गांभीर्य अंतर्निहित है। मानो वह स्वर और ताल के साथ एक खिलवाड़-सा करता हुआ, दूर खड़ा मुस्करा रहा हो। इसी कारण कहा जाता है कि 'साहब, तान तलवार है।' तलवार चल गई तो शत्रु का हनन करती है, अन्यथा अपने ही लगकर अपनी हानि करती है। इसी प्रकार यदि तान सच्चे स्वरों और सच्ची लयकारी से व्यक्त हो गई तो अवर्णनीय आनंद प्राप्त होता है, अन्यथा स्वर या लय बिगड़ने से गायक की स्थिति बड़ी हास्यास्पद हो जाती है।

यह तो हुई तान तैयार करने की बात। अब हम तान-रचना पर विचार करेंगे। अपनी बुद्धि के अनुसार नवीन-नवीन स्वर-समुदाय बनाकर तान की रचना होती है। आरम्भ में कुछ ताल-बद्ध

तानों को रटना पड़ता है, इसके बाद गला स्वेच्छा से राग के स्वरों पर घूमने लगता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास यहाँ तक बढ़ जाता है कि गाना गाते समय फौरन ही नई-नई तानें बनने लगती हैं। इस कारण यह सोचकर घबराना नहीं चाहिए कि आखिर कितनी तानें रटकर तैयार की जाएँ और उन्हें कैसे याद रखा जाए। तान-रचना के नियम समझ लेने से तानों के याद रखने और नई-नई तानें बनाने में बड़ी सुविधा हो जाती है।

तान-रचना के भी कोई सुदृढ़ नियम नहीं हैं। उमंग से निकली हुई तानें नियम के शिकंजे में नहीं कसी जा सकतीं। नहीं कहा जा सकता कि गायक अपने आवेश में कहाँ से कौनसी तान ले उड़ेगा; फिर भी कुछ साधारण तानों के कुछ निश्चित नियम दिखाई देते हैं। स्थूल रूप से तानों के निम्नलिखित छह प्रकार होते हैं:—

१. सरल तान (इसके दो प्रकार होते हैं।)
२. फिरत तान (अथवा चढ़ती तान)
३. रागांग तान (अथवा उतरती तान)
४. अलंकारिक तान
५. मिश्र तान
६. बोल तान

अब हम इनमें से प्रत्येक पर कुछ विस्तार से विचार करेंगे। तानों के ये प्रकार बड़े और छोटे, दोनों ही प्रकार के खयालों में थोड़े हेर-फेर के साथ दिखाई देंगे।

सरल तान

अपने सारल्य के कारण ही इस प्रकार की तानों का यह नामकरण हुआ है। तान के आरम्भ में एक छोटा-सा स्वर-समुदाय होता है, और फिर उसी में क्रमशः एक-एक स्वर आगे बढ़ते हुए तान का चक्र अधिकाधिक बड़ा कर लिया जाता है। इस प्रकार की तानों की रचना निम्नलिखित अलंकारों के आधार पर होती है:—

सा रे सा,
सा रे ग रे सा,

सा रे ग म ग रे सा,
सा रे ग म प म ग रे सा,
सा रे ग म प ध प म ग रे सा,
सा रे ग म प ध नि ध प म ग रे सा,
सा रे ग म प ध नि सां नि ध प म ग रे सा,

राग के आरोहावरोह का ध्यान रखते हुए प्रत्येक राग की पहली सरल तान इसी प्रकार से चलती है। उदाहरण के लिए प्रस्तुत पुस्तक में किसी भी राग के बड़े खयाल की पहली तान ले लीजिए, सभी का ढाँचा ऐसा ही दिखाई देगा। यदि कोई अन्तर है तो यही कि राग के वर्ज्यावर्ज्य स्वरों का ध्यान रखा गया है और राग में लगनेवाले कोमल-तीव्र स्वरों के हिसाब से प्रत्येक राग के बड़े खयाल की पहली तान में कोमल-तीव्र स्वरों का भेद हो गया है, अन्यथा प्रत्येक राग की पहली तान का साधारण ढाँचा एक-सा ही है। सरल तान के दो प्रकार होते हैं, एक छोटा और दूसरा बड़ा। छोटा प्रकार प्रायः तीन या चार स्वरों से आरम्भ होता है और क्रमशः बड़ा रूप धारण करते-करते तार-सप्तक के षड्ज तक चला जाता है। इसका उल्लेख हम अभी कर चुके हैं। सरल तान के बड़े प्रकार का पहला टुकड़ा प्रायः मन्द्र-षड्ज से तार-षड्ज तक का होता है और फिर क्रमशः उसे तार-सप्तक के ऋषभ, गांधार, मध्यम और पंचम से जोड़ दिया जाता है। सरल तान के इस बड़े प्रकार का साधारण ढाँचा यह है :—

(सां तक) सा रे ग म प ध नि सां नि ध प म ग रे सा।
(रें तक) सा रे ग म प ध नि सां रें सां नि ध प म ग रे सा।
(गं तक) सा रे ग म प ध नि सां रें गं रें सां नि ध प म ग रे सा।
(मं तक) सा रे ग म प ध नि सां रें गं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा।
(पं तक) सा रे ग म प ध नि सां रें गं मं प मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा।

प्रस्तुत पुस्तक में प्रायः प्रत्येक बड़े खयाल की दूसरी तान सरल तान के बड़े प्रकार का उदाहरण है। विभिन्न रागों में आरोहावरोह

के वर्ज्यावर्ज्य और कोमल-तीव्र स्वरों के आधार पर इस तान में अन्तर पड़ जाया करता है, किन्तु सामान्यतः इस तान का भी ढाँचा यही रहता है।

फिरत तान

सरल तान के दोनों प्रकार कह लेने के बाद तीसरी तान फिरत तान होती है। यह तान किसी एक खास स्वर के सहारे से घूमना शुरू करती है और फिर क्रमशः आगे बढ़ती चली जाती है। स्वेच्छानुसार इसे आगे बढ़ाया जाता है। आगे बढ़ते रहने की विशेषता के कारण इसे चढ़ती तान भी कहा जाता है। प्रायः यह तान गांधार या मध्यम के सहारे से घूमती है। यमन ठाठ के दो मध्यम लगनेवाले रागों में यही तान प्रायः कड़ी मध्यम के सहारे से घूमती है। इस तान का पहला टुकड़ा प्रायः पंचम, धैवत अथवा निषाद तक जाकर गांधार के आस-पास तक लौट आता है। इसके बाद गांधार से आगे बढ़ते हुए क्रमशः तार-सप्तक का षड्ज ऋषभ, गांधार इत्यादि को छूता हुआ बार-बार गांधार के आस-पास आ जाता है। जिस तरह से चक्की घूमती है, उसी तरह यह तान भी चक्कर लगाती हुई आगे बढ़ती चली जाती है। प्रस्तुत पुस्तक में प्रायः प्रत्येक बड़े खयाल की तीसरी तान इसी प्रकार की है। इस तान का साधारण ढाँचा इस तरह का होता है :—

सा रे ग म प म ग रे
ग म प ध प म ग रे
ग म प ध नि ध प म ग रे
ग म प ध नि सां नि ध प म ग रे
ग म प ध नि सां रें सां नि ध प म ग रे
ग म प ध नि सां रें गं रें सां नि ध प म ग रे
ग म प ध नि सां रें गं रें सां नि ध प म ग रे
ग म प ध नि सां रें ग मं गं रें सां नि ध
प म ग रे
ग म प ध नि सां रें गं मं पं मं गं रें सां नि
ध प म ग रे सा

यहाँ पहला टुकड़ा पंचम तक गया है। इसके बाद हर बार पमगरे कहते हुए गांधार के पास ऋषभ तक पहुँचा गया है, जिससे गांधार के सहारे से तान को फिर घुमाया जा सके। फिर गांधार के सहारे से प्रत्येक बार तान की बढ़त एक-एक स्वर आगे बढ़ाते हुए की गई है तथा हर बार पमगरे, यह रूप लाया गया है। इस प्रकार की तानों में मध्य-षड्ज का स्पर्श प्रायः आरम्भ और अन्त में नहीं मिलता है, बीच में कहीं भी मध्य-षड्ज नहीं आता।

रागांग तान

फिरत तान कह चुकने के बाद रागांग तान कहने का नम्बर आता है। यह तान अवरोह-प्रधान होती है। तानों का प्रायः यही हाल है कि आरोह में उनका रूप बहुत कम बिगड़ता है, परन्तु अवरोह में तानों का रूप अक्सर बिगड़ जाया करता है। रागांग तान को भली प्रकार से तैयार कर लेने पर अन्यान्य के भी अवरोह को साधने में बड़ी सहायता मिल जाती है, अतः रागांग तान को बड़ी सावधानी से तैयार करना चाहिए। ग्वालियर के कुशल गायकों की तानें प्रायः अवरोह-प्रधान दिखाई देंगी। इसी कारण ग्वालियर के गायकों को अपनी तानों पर बड़ा गर्व है।

रागांग तानों का आरम्भ प्रायः तार-सप्तक के षड्ज से होता है। पहला टुकड़ा गांधार, मध्यम या पंचम तक जाता है। फिर क्रमशः एक-एक स्वर कम होता जाता है और अन्त में मध्य-सप्तक के षड्ज पर आकर तान समाप्त हो जाती है। प्रस्तुत पुस्तक में प्रायः प्रत्येक बड़े खयाल की चौथी तान रागांग तान है।

अब इस तान की मूल रचना पर विचार कीजिए। इसका नाम ही हमें यह बता रहा है कि राग के मुख्य अंग के आधार पर इसकी रचना होती है। इसी से इसका नाम रागांग तान है। यदि प्रत्येक राग के अवरोह और मुख्य अंग (पकड़) पर विशेष ध्यान दिया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि प्रायः प्रत्येक राग के अवरोह का अन्तिम भाग और उस राग के मुख्य अंग का अन्तिम भाग बहुत-कुछ मिलता-जुलता है। बस, इसी टुकड़े से रागांग तान की रचना की जाती है। अन्तर केवल यही रहता है कि मुख्य अंग अथवा अवरोह का यह

टुकड़ा वैसे तो मध्य-षड्ज पर या उसके आस-पास समाप्त होता है, परन्तु रागांग तान में यही टुकड़ा तार-सप्तक के षड्ज के आस-पास शुरू में ही रखा हुआ दिखाई देगा। हम पहले ही निवेदन कर चुके हैं कि तार-सप्तक में मन्द्र तथा मध्य-सप्तक के ही काम की पुनरावृत्ति होती है। अत: मुख्य अंग का यह टुकड़ा करीब-करीब ज्यों-का-त्यों तार-सप्तक में दिखाई देता है। आखिर जो स्वर-समुदाय मध्य या मन्द्र-सप्तक में राग के मुख्य अंग हैं, वही तो तार-सप्तक में भी मुख्य अंग होंगे! किन्तु रागांग तान में गायक का यही उद्देश्य होता है कि वह तार-सप्तक से लेकर मध्य-सप्तक तक राग के मुख्य अंग का चमत्कार अवरोह के क्रम से प्रदर्शित कर सके, इसी कारण इस प्रकार की तानों का आरम्भ तार-सप्तक से ही होता है। और यह तान अवरोहप्रधान होती है। उदाहरण के लिए बागेश्री की रागांग तान देखिए, इसका स्वरूप यह है :—

नि॒ सां मं गं॒ रें सां	पहला चक्कर
नि॒ सां गं॒ रें सां नि॒ ध म	दूसरा चक्कर
ध नि॒ सां रें सां नि॒ ध म	तीसरा चक्कर
ध नि॒ सां नि॒ ध म	चौथा चक्कर
ध नि॒ ध प	पाँचवाँ चक्कर
म ग॒ रे सा	छठा चक्कर

बागेश्री की पकड़ और बागेश्री के अवरोह का अन्तिम भाग 'म ग॒ रे सा' समान ही है, अब इसी टुकड़े को (जोकि राग के मुख्य अंग का भाग है) तार-सप्तक में षड्ज के सहारे रख दीजिए। अब उपर्युक्त तान को देखिए। पहले चक्कर में गला तार-मध्यम तक गया है, दूसरे चक्कर में तार-गांधार तक घूमा है, तीसरे चक्कर में तार-ऋषभ का और फिर चौथे चक्कर में तार-षड्ज का स्पर्श है (यानी गला क्रमश: इन स्वरों से अधिक ऊँचा नहीं चढ़ा है)। हर चक्कर में गला एक-एक स्वर नीचे उतरता चला गया है। पाँचवें चक्कर में गला निषाद तक ही गया है, और छठे चक्कर में फिर 'म ग॒ रे सा' का वही (रागांगवाला) टुकड़ा आ गया है, जिसे तार-सप्तक में लेते हुए रागांग तान आरम्भ किया गया था। इस प्रकार की तानों का यही साधारण ढाँचा है। अन्य रागों की रागांग तानों

की रचना भी प्रायः इसी सिद्धान्त पर होती है। केवल राग के अनुसार कोमल-तीव्र स्वरों का और वर्ज्यावर्ज्य स्वरों का ध्यान रखना पड़ता है।

ये चार तानें (दो सरल, एक फिरत और एक रागांग) ही मिलकर उस रीढ़ की हड्डी का निर्माण करती हैं, जिसपर सम्पूर्ण तानों का शरीर टिका हुआ है। इसी से ये चार तानें कुछ अनिवार्य-सी हैं। इनपर गला घुमा लेने से राग के स्वरों पर विभिन्न प्रकार से गला स्वतन्त्रता से घूमने लगता है। अन्यान्य तानों में इन्हीं तानों के विभिन्न प्रकार के मिश्रण दिखाई देंगे। अतः इन तानों को बहुत ही अच्छी तरह से तैयार करना चाहिए। इसके बाद अन्यान्य तानों का नम्बर आता है, परन्तु अन्य तानों में एक महत्त्वपूर्ण बात का ध्यान रखना चाहिए और वह यह है कि जहाँ तक हो सके, तानें चीज की बन्दिश के अनुरूप हों। यदि तानें चीज की बन्दिश को ध्वनित करनेवाली न होंगी, तो ऐसा प्रतीत होगा, मानो चीज के ऊपर ये तानें जबरदस्ती चिपका दी गई हैं। तानें तो वस्तुतः अलंकार (आभूषण) ही हैं, किन्तु अलंकार तो सौंदर्यवृद्धि के लिए पहने जाते हैं। यदि अलंकार सौन्दर्य-वृद्धि न करके और भी रूप बिगाड़ने लगें, तो ऐसे अलंकारों को दूर से ही नमस्कार है। चीज की बन्दिश मानो एक घूमता हुआ 'रौलर' है। उसी पर हलके, पतले और रंगीन कागज-रूपी तानों को उसी गति से लपेट देना चाहिए। इन रंगीन कागजों को गोंद से चिपकाने की जरूरत नहीं है। कहने का तात्पर्य यह है कि तानें ऐसी हों, जो चीज की बंदिश को उछालती रहें। चीज की बन्दिश तानों का महीन वस्त्र पहनती है। यह वस्त्र इतना महीन होना चाहिए कि चाहे जितनी तह करके (चाहे जितने आवर्तन की तान होने पर भी) पहना जाए, किन्तु उसके भीतर से बन्दिश का सुन्दर शरीर दिखाई देता रहना चाहिए। लम्बी-से-लम्बी तान लेने के बाद भी चीज का मुखड़ा इस खूबसूरती से लेना चाहिए कि कहीं भी जोड़ न दिखाई दे। ऐसी तानें समाप्त हो जाने पर भी मार्मिक श्रोताओं के मस्तिष्क में अतीत की मधुर स्मृति की तरह मृदु आघात करती रहती हैं।

पहले कहा जा चुका है कि राग का सच्चा स्वरूप आलाप में ही व्यक्त होता है, तानों में नहीं। इस तथ्य को यहाँ हम कुछ और

स्पष्ट कर देना चाहते हैं। बिहाग के आलाप को ही लीजिए। इस राग में ऋषभ और धैवत का इतना दौर्बल्य है कि यदि इन दोनों स्वरों को पूर्णतया छोड़ भी दिया जाए, तब भी कोई हानि नहीं है। आलाप करते समय ग ऽ ऽ सा इस प्रकार गांधार से षड्ज तक की मीड़ में ऋषभ तथा नि ऽ ऽ प इस प्रकार से निषाद से पंचम तक की मीड़ में धैवत व्यक्त हो जाता है। यह कृत्य बड़ा ही भव्य होता है; परन्तु बिहाग की तानों में ऋषभ और धैवत की अवहेलना नहीं हो सकती। अवरोह में स्पष्ट रूप से धैवत और ऋषभ को लेकर आने से गला बड़ी आसानी से नीचे उतरता हुआ चला आता है। स्वरों को बीच-बीच में छोड़कर गला कुदाने की अपेक्षा एक स्वर से दूसरे स्वर पर फिसलते हुए चले आना अधिक स्वाभाविक और सरल है। इसी से शास्त्र ने भी ऐसा करने की आज्ञा दी है।

क्वचित्तानक्रियात्मकः द्रुतगीतोनरक्तिहरः,
सुप्रमाणयुतोरागे विवादी रक्तिवर्धकः।

इत्यादि ऐसी ही आज्ञाएँ हैं। और भी स्पष्ट शास्त्र-प्रामाण देखना हो तो निम्नलिखित श्लोक देखिए :—

रागवृन्दे तथाऽप्यत्र कामाचारप्रवर्तनात्।
लक्ष्यमार्गमनुल्लंघ्य बुधः कुर्याद्यथोचितम्॥

भावार्थ यह है कि रागों के समूह में तथा अन्यत्र भी इच्छानुसार सुन्दरता की दृष्टि से काम करना चाहिए। अतः लक्ष्य-मार्ग का उल्लंघन करके बुद्धिमान लोग जैसा उचित हो, वैसा करते हैं। यही कारण है कि बहार की द्रुत तानों में कभी-कभी नि प की जगह नि ध प म ग म नि ध नि सां यह रूप दिखाई दे जाता है तथा यह प्रयोग 'द्रुतगीतो न रक्तिहरः' अथवा 'मनाक्स्पर्श' इस न्याय से क्षम्य हो जाता है। आसावरी की आरोह की तानों में कभी-कभी एक-आध बार कोमल निषाद भी दीख जाएगा। किन्तु तानों की गति की तीव्रता के कारण प्रायः यह सुनाई ही नहीं पड़ता कि इस तान में यह बारीक भूल रह गई।

तानों की चंचलता, द्रुत गति अथवा तेजी के कारण ही ऐसा हो जाता है। इसी से हमने निवेदन किया था कि राग का सच्चा स्वरूप आलाप में ही व्यक्त होता है, तानों में नहीं। आलाप की मूल कुंजी यही है कि राग के भिन्न-भिन्न महत्त्वपूर्ण भागों का पारस्परिक सम्बन्ध कौशल से स्पष्टतया बैठा दिया जाए। इसी कारण एक ही राग की कई चीजें याद कराई जाती हैं, क्योंकि प्रत्येक चीज में भिन्न-भिन्न ढंग से राग के महत्त्वपूर्ण भागों का पारस्परिक समन्वय होता है। कोई ढंग ध्रुवपद अथवा धमार में दृष्टिगोचर होता है, तो कोई ढंग बड़े खयाल में। यदि एक नया ढंग सरगम-गीत अथवा लक्षण-गीत में मिलेगा, तो दूसरा नया ढंग अन्यान्य छोटे या बड़े खयालों की बंदिशों में मिलेगा। किंतु तानों का चापल्य इन सब बातों की प्रायः उपेक्षा कर जाता है। मानो अपने आवेश में तानों को किसी की परवाह नहीं है। चलता गला और बहता पानी किसी अवरोध को स्वीकार नहीं करना चाहता; मानो अपने आवेश में वह सब-कुछ बहा ले जाना चाहता है। ध्रुवपद और खयाल-गायकों में एक ही राग के विषय में इसी कारण मतभेद पैदा हो गए हैं। आसावरी के कुछ ध्रुवपद ऐसे भी मिलेंगे, जिनमें तीव्र ऋषभ न होकर कोमल ऋषभ प्रयुक्त हुआ है, परन्तु खयाल-गायकों को सपाटे से तान लेते समय आसावरी में कोमल की जगह तीव्र ऋषभ का प्रयोग कुछ सुविधाजनक हुआ, अतः उन्होंने आसावरी में कोमल की जगह तीव्र ऋषभ ही मान लिया। किंतु ध्रुवपद-गायकों को तान लगाने की जरूरत ही नहीं होती; अतः वे अपने विशुद्ध रूप पर ही दृढ़ हैं। इस दृष्टि से देखा जाए तो खयाल-गायकों की अपेक्षा ध्रुवपद-गायकों का राग-स्वरूप अधिक परम्परायुक्त, प्राचीन और शास्त्र-सम्मत है। परन्तु खयाल-गायकों को गत ५०० वर्षों से रूढ़ि का बल प्राप्त है। अतः खयाल-गायक खयाल-परिपाटी का और ध्रुवपद-गायक ध्रुवपद-परम्परा का अनुसरण करते हैं।

उपर्युक्त पंक्तियों में शास्त्रीय प्रमाणों को उद्धृत करके तानों के विषय में स्वातन्त्र्य पर हम काफी जोर दे चुके हैं। परन्तु 'कामाचारप्रवर्तनात्' तथा 'बुधः कुर्याद्यथोचितम्' इत्यादि सिद्धांतों

को विशेष व्यापक बना देने से भारी हानि की सम्भावना है। यदि इसका अर्थ स्वेच्छाचार मान लिया गया और इस शास्त्रीय आज्ञा के भरोसे 'जो मन में आवे सो करो' की धुन सवार हो गई तो गायकी ऐसी चौपट हो जाएगी कि फिर उसका सँभालना कठिन ही नहीं, प्रत्युत असम्भव-सा हो जाएगा। 'बुधः कुर्याद्यथोचितम्' का अर्थ यही तो है कि 'बुद्धिमान् लोग जैसा उचित होता है, वैसा करते हैं'। पर क्या सभी लोग इस बुद्धिमानी का दावा कर सकते हैं? हमारी नम्र सम्मति तो यही है कि इस विषय में विख्यात विद्वानों का अनुसरण करके राग-विषयक सीधी-सादी शास्त्रीय आज्ञाओं पर दृढ़ रहना ही अधिक श्रेयस्कर है, अन्यथा यदि इन आज्ञाओं की आड़ में बाल की खाल निकालते हुए स्वेच्छाचार की प्रवृत्ति उद्दीप्त हो गई, तो पता नहीं, भारतीय संगीत को पतन के कौनसे गहरे गढ़े में गिरना पड़े।

अभी तक हम इस सरल तान (दो प्रकार), फिरत तान और रागांग तान पर विचार कर सके हैं। इन तानों को कह चुकने के बाद आलंकारिक तानों के कहने की बारी आती है। आलंकारिक तान एक नहीं, प्रत्युत अनेक होती हैं। यों तो सरल, फिरत या रागांग तान में भी अलंकारों का ही प्रयोग है, परन्तु ये अपनी निजी विशेषताओं के कारण अपना विशिष्ट स्वतन्त्र स्थान रखती हैं। यदि किसी अलंकार-विशेष का राग के कोमल, तीव्र तथा वर्ज्यावर्ज्य स्वरों का ध्यान रखते हुए तान-रूप में सांगोपांग निर्वाह कर दिया जाता है तो वह तान 'आलंकारिक तान' कहलाती है। क्योंकि अलंकार अनेक हैं, इस कारण आलंकारिक तानें भी अनेक होती हैं। संक्षेप में यों कहिए कि अगर कोई अलंकार ज्यों-का-त्यों तान में फिट हो जाए तो आलंकारिक तान बन जाएगी। अगर किसी तान का साधारण ढाँचा भी अलंकार-विशेष के समकक्ष होगा तो उसे भी आलंकारिक तान कहा जाएगा; उदाहरणार्थ :—

सा रे ग, रे ग म, ग म प, म प ध, प ध नि, ध नि सां।
सां नि ध, नि ध प, ध प म, प म ग, म ग रे, ग रे सा।

यह एक बहुत प्रचलित अलंकार है। अब इसी अलंकार के ढाँचे से राग देश की एक तान बनाई जाए तो उसका रूप यह होगा :—

सा रे म, रे म प, म प नि, प नि सां, नि सां रें, सां रें सां।

नि॒ सां नि॒, ध नि॒ ध, प ध प, म प म, ग म ग, रे ग रे, सा रे सा।

(इस तान का प्रयोग देस के बड़े खयाल की पाँचवीं तान में किया गया है। इसी पुस्तक में अन्यत्र देखिए।) इस तान का साधारण ढाँचा उपर्युक्त अलंकार के समान ही है। देस के कोमल, तीव्र तथा वर्ज्यावर्ज्य स्वरों के आग्रह से ही इस तान का यह रूप हो गया है। तानों में 'कौमा' (,) इसी दृष्टि से लगाया जाता है कि उससे अलंकार का निरूपण स्पष्ट रूप से हो जाए। आलाप में 'कौमा' विश्रांति-स्थान का परिचायक है, परन्तु तानों में उसका अर्थ विश्रांति-स्थान नहीं है। तान के अलग-अलग टुकड़ों को स्पष्ट करने के लिए अथवा अलंकार के स्वरूप को व्यक्त करने के लिए ही तानों में 'कौमा' प्रयुक्त होता है; इसका अर्थ ठहरना नहीं है। 'कौमा' के सहारे तान के टुकड़े अलग-अलग समझ लेने से उस तान को याद करना बड़ा सरल हो जाता है।

मिश्र तान भी वस्तुतः आलंकारिक तानें ही हैं। इस प्रकार की तानों में किसी एक अलंकार का सांगोपांग निर्वाह न करके तीन-तीन, चार-चार अलंकारों का मिश्रण दिखाई देता है। अतः जहाँ किसी एक ही तान में कई अलंकार मिले हुए दिखाई दें, उसे मिश्र तान का प्रकार समझना चाहिए। तानों के प्रकार बस यहीं समाप्त नहीं हो जाते। गमक की तान, जबड़े की तान, कूटतान इत्यादि अनेक अन्य प्रकार भी हैं। परन्तु उन-सबका विस्तृत विवेचन हमको इष्ट नहीं है। जबड़े की तान को ही लीजिए। प्रायः जिन गायकों का गला लोच के साथ नहीं घूमता, वे जबरदस्ती अपने जबड़े को हिला-हिलाकर तानें निकालने लगते हैं और जबड़े की तान का महत्त्व प्रतिपादित करना चाहते हैं। आंदोलित स्वरों पर जोर देने से गमक की सृष्टि होती है। यदि तान के स्वरों को आंदोलित करते हुए क्वचित् जोर दिया जाए तो गमक की तान बन जाती है। प्रायः वृद्ध गायकों अथवा उन गायकों के मुँह से ये तानें अच्छी लगती हैं, जिनका कि गला भारी होता है। तानों में 'नि॒ नि॒ ध प' इस प्रकार से एक ही स्वर का (यहाँ निषाद का) दो-दो बार प्रयोग इसी लिए होता है कि तान का दाना साफ आने लगे। कुछ

गायक कभी-कभी टप्पे के ढंग की अथवा ठुमरी के ढंग की तानें भी खयाल-गायकी में अदा करते हैं। यदि इस प्रकार की तानें अल्प परिमाण में हों तो वे अच्छी भी लगती हैं।

श्री विष्णुदिगम्बर जी की शिष्य-परंपरा के गायक; जैसे श्री पटवर्धन जी, श्री नारायणराव व्यास इत्यादि तानों को सरगम के रूप में भी कहते थे। यह प्रकार भी बड़ा सुन्दर लगता है। 'आ'कार से कहते-कहते जब सहसा दो-चार तानें सरगम के रूप में कह दी जाती हैं, तो नवीनता के कारण तानों में विलक्षण आनन्द आने लगता है। अच्छे गायकों को सरगम के रूप में तानों को कह देना कुछ भी कठिन नहीं हैं। यही नहीं, बल्कि सरगम में तान को कहना कुछ सरल ही होता है, क्योंकि 'आ'कार से तान कहते समय सा रे ग म प ध इत्यादि प्रत्येक ध्वनि को 'आ' अक्षर से ही व्यक्त करना पड़ता है। परन्तु सरगम बोलते समय प्रत्येक ध्वनि का (सा रे, ग इत्यादि) अलग-अलग नाम लेने से उच्चारण में बड़ी सुविधा हो जाती है। तथापि यह काम अधकचरे गायकों के बस का नहीं है। जो गायक केवल अन्दाज से ही आऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ करते रहते हैं और यह नहीं जानते कि इस आऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ में उनके गले के कौन-से स्वर लग गए हैं, वे कभी सरगम की तानें नहीं कह सकते। नवीन विद्यार्थियों को चाहिए कि वे तानों को पहले सरगम बोलकर ही तैयार करें और फिर उन्हें 'आ'कार से गाने का अभ्यास करें। तानों को 'आ'कार से कहते समय यह सोचते जाना चाहिए कि 'आ'कार में उनके गले से कौन-कौनसे स्वर लग रहे हैं। इस युक्ति से तानें बड़ी सच्ची तैयार होती हैं।

कुछ गायक ऐसे भी होते हैं, जो श्रोताओं पर रूपक गाँठने के लिए, रौब जमाने के लिए तान के सरगम का अशुद्ध उच्चारण करने लगते हैं। उन्हें तो बस ग सा रे, म रे ग ग ध ग ध, सा रे ग चिल्लाने से मतलब, फिर चाहे उनके गले से म की जगह ध और ध की जगह रे ही क्यों न लग रहा हो; पर हम पहले ही कह चुके हैं कि अधकचरे गायकों से यह काम नहीं सध सकता। ऐसे गायकों की सरगम की तानें सुनकर मार्मिक श्रोता व्यंग्य से हँसने लगते हैं। कुछ अन्य गायक ऐसे भी होते हैं, जो सरगम-तानें कहने की

योग्यता रखते हुए भी ऐसी तानें नहीं कहते। इसमें उनकी अहम्मन्यता छिपी रहती है; क्योंकि सरगम कहने से राग का ज्ञान साधारण श्रोताओं को भी हो जाता है। वे भी झट पहचान लेते हैं कि यह कौनसा राग है। उधर गायक महोदय की आत्मतुष्टि इसी में रहती है कि श्रोताओं को यह पता ही न चले कि वे क्या राग गा रहे हैं। कभी-कभी तो यहाँ तक नौबत पहुँचती है कि गायक को राग का नाम स्वयं भी मालूम नहीं होता, किन्तु राग के सुने-सुनाए रूप के आधार पर ही वह उसे गाता रहता है। यदि उस समय उससे किसी ने पूछा कि 'क्या आप अमुक राग गा रहे हैं?' तो वे गायक महोदय झट कह बैठेंगे—"अजी साहेब, ये तो आप-सरीखे जानकर लोग ही पहचान सकते हैं। ये संगीत की बड़ी बारीक बातें हैं। आप तो बड़े समझदार हैं। भला, आपसे ये बातें छिप सकती हैं।" चलिए, छुट्टी हुई। गायक महोदय ने तो यों कहकर अपनी जान बचाई, उधर प्रश्नकर्त्ता भी अपनी प्रशंसा से फूलकर बैठ गए। और राग का नाम? वह इस झमेले में गोल हो गया। सरगम की तानों का प्रचार अभी नया-नया ही है। गत ४०-५० वर्षों से ही खयाल-गायक सरगम की तानें लेने लग गए हैं। अतः नहीं कहा जा सकता कि भावी सन्तति इसे किस रूप में ग्रहण करेगी।

अब हमें तान के एक अन्य रोचक प्रकार पर विचार करना है, और वह है बोलतानों का प्रकार। यह निस्संकोच कहा जा सकता है कि बोलतानों का प्रयोग ध्रुवपद तथा धमार के गायकों का ही अनुसरण है। हमारे कहने का तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार ध्रुवपद-गायक दुगुन, चौगुन, आड़ की दुगुन, आड़ की चौगुन इत्यादि कहकर ध्रुवपद के बोलों (काव्य, ध्रुवपद के गीत की कविता) को भिन्न-भिन्न लयकारी से दिखाते हैं, उसी प्रकार खयाल-गायक भी अपने खयाल के बोलों को भिन्न-भिन्न लयों में बाँधते हैं। ये बोल भी तान की ही तरह कहे जाते हैं। परन्तु यहाँ तान को 'आ'कार के साथ कहने की अपेक्षा उसे चीज के सहारे कहा जाता है। इस प्रकार की बोलतानों में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यही होती है कि जिस वजन तथा जिस प्रकार से तानों में बोल का

उठाव हो, वही वजन और वही प्रकार अन्त तक एकसा चला जाए। अतः स्पष्ट है कि बोलतानों का कहना तभी सध सकता है, जब गायक पूरा लयकार हो, अन्यथा सब गुड़-गोबर हो जाएगा। प्रस्तुत पुस्तक में बोलतानों के कुछ अत्यन्त ही सरल तथा साधारण प्रकार दिए गए हैं। धीरे-धीरे लयकारी बढ़ जाने पर बोलतानों के कठिन प्रकार भी सध सकेंगे। किंतु उत्कृष्ट बोलतानें गुरु से सीखने पर ही आ सकती हैं। हम एक बार फिर निवेदन कर देना चाहते हैं कि पुस्तकों के सहारे चौथाई से भी कम संगीत-विद्या प्राप्त हो सकती है। इस विद्या का सम्बन्ध स्पष्टतया कर्णेन्द्रिय से है, अतः बिना उत्तम गुरु से सुने, केवल पुस्तकों के आधार पर बहुत नहीं सध सकता। हाँ, यह बात दूसरी है कि पुस्तकों के आधार से साधारण ज्ञान बढ़ जाता है, और फिर उत्तम गुरु से शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा अधिक हो जाती है। वे लोग स्पष्ट ही बड़े भारी धोखे में हैं, जो केवल पुस्तकों के भरोसे संगीत-विद्या सीख लेने का दम भरते हैं।

बोलतानों में बोल बनाने का काम बड़ी सावधानी से करना चाहिए, अन्यथा बड़ी जल्दी रस-भंग हो जाता है। एक उदाहरण देकर हम अपने इस कथन को अधिक स्पष्ट कर सकेंगे। मान लीजिए, हमें 'निस-बासर हरि-नाम उचार तू' बागेश्री की इस चीज के बोल बनाने हैं। थोड़ी देर के लिए बोल बनाने की बात भी एक तरफ रखकर यदि हम उपर्युक्त वाक्य को यों कह दें—'नि सबा सरह रिना मउचा रतु' तो समझना मुश्किल हो जाएगा। अतः बोलतान में चीज के बोलों को तानों में इस खूबी से फिट करना चाहिए कि प्रत्येक शब्द का भाव और अर्थ स्पष्ट व्यक्त होता चला जाए। यदि बोल के अक्षरों में तान इस तरह से फिट की गई कि शब्दों का अर्थ ही समझ में न आ सके, तो फिर अर्थ का अनर्थ होते क्या देर लगती है? बोलतानों का प्रयोग खयाल-गायकी की बहुत ही महत्त्वपूर्ण विशेषता है, अतः इन तानों को पर्याप्त परिश्रम से तैयार करके बरतना अधिक समीचीन है।

अभी तक हमने मुख्यतः बड़े खयाल की तानों के विषय में ही विचार किया है। किंतु यही बातें यत्किंचित् परिवर्तन के साथ

छोटे खयाल में भी दृष्टिगोचर होंगी। बड़े खयाल की तानें प्रायः दुगुन अथवा अठगुन में कही जाती हैं, किंतु छोटे खयाल की तानें प्रायः दुगुन में ही अधिक अच्छी मालूम होती हैं। बड़े खयाल की तानें अठगुन में ज्यादा खिलती हैं। इसका कारण यह है कि बड़े खयाल की लय पर्याप्त विलम्बित होती है। यदि इसी लय में चौगुन की तानें लगाई जाएँगी तो दाना बहुत ही मोटा पड़ेगा। अतः चौगुन की तानें लगानेवाले बड़े खयाल की लय काफी बढ़ा देते हैं। इससे चौगुन की तानों का दाना तो ठीक आने लगता है, पर खयाल की बन्दिश का मजा मिट्टी हो जाता है। बड़े खयाल की लय विलम्बित में ज्यादा अच्छी लगती है। लय बढ़ा देने से बड़े खयाल की गंभीरता को भारी ठेस पहुँचती है। किंतु यदि अठगुन की तानें हों तो बड़े खयाल का गांभीर्य भी (विलम्बित लय) बना रहता है और तान का दाना भी इतना मोटा नहीं आता कि बुरा मालूम हो। अतः हमने बड़े खयाल की तानें अठगुन में ही लिखी हैं। छोटे खयाल की प्रकृति बड़े खयाल की अपेक्षा काफी चंचल होती है। बड़े खयाल के मुकाबले छोटा खयाल पर्याप्त द्रुत लय में होता है, अतः वहाँ दुगुन की ही तानों से बखूबी काम चल जाता है। प्रस्तुत पुस्तक में छोटे खयाल की तानें दुगुन में ही दी गई हैं।

अब हम छोटे खयाल की तानों की रचना पर विचार करेंगे। यह कहा जा चुका है कि छोटे खयाल की तानों की बाह्य रूप-रेखा भी बड़े खयाल की तानों के अनुरूप होती है। इसलिए बड़े खयाल की तानों का छायाचित्र छोटे खयाल की तानों में भी दृष्टिगोचर होता है। मुख्य अन्तर केवल यही है कि विलम्बित खयाल की तानों का आकार (शक्ल) बड़ा होता है, किंतु द्रुत (छोटे) खयाल की तानों का रूप अपेक्षाकृत छोटा होता है। आरम्भ की तीन-चार तानें बहुत छोटी (प्रायः आठ मात्रा की) होती हैं। इसके बाद या तो बारह मात्रा की या सोलह मात्रा की तानें होती हैं। फिर यथाशक्ति तानों का चक्र क्रमशः बड़ा होता जाता है। पहली तान प्रायः षड्ज से अथवा मन्द्र-निषाद से आरम्भ होती है और सरल तान (बड़े प्रकार) का रूप लेती हुई प्रायः तार-षड्ज तक ऊँची चढ़ती है। दूसरी तान तार-ऋषभ तक और तीसरी तान तार-गांधार

तक जाती है। प्रस्तुत पुस्तक में तानों का प्रायः यही क्रम मिलेगा। (उदाहरण के लिए बागेश्री की तानें देखिए) इन प्रकारों के मूल में सरल तानों का ढाँचा रहता है। इस क्रम को समझ लेने से तानों को याद रखने में भारी सुविधा हो जाती है। इन तानों के पश्चात् प्रायः फिरत तान और फिर रागांग तानों का नम्बर आ जाता है। पहली तान कुछ इस प्रकार की होती है कि उसी के सहारे अन्यान्य तानें आसानी से याद होती चली जाती हैं। पहली तान का कुछ-न-कुछ रूप आगे की तीन-चार तानों में भी बराबर दिखाई देगा और इसका कारण यही है कि ये तानें सरल तान के छोटे टुकड़ों से बनाई जाती हैं। किसी भी बड़े खयाल की सरल तान (बड़ा प्रकार) का विश्लेषण करके देख लीजिए। स्पष्ट पता चल जाएगा कि उसी के आधार पर छोटे खयाल की आरंभिक तीन-चार तानें बनाई गई हैं। फिरत तान का आधार भी बड़े खयाल की फिरत तान है। रागांग तान प्रायः छोटे खयाल के अन्तरे में रखी हुई दिखाई देगी। शेष तानें आलंकारिक, मिश्र या बोल-तानें होती हैं। परन्तु गायकी का यह स्थूल रूप-मात्र है। उत्कृष्ट गायकी श्रेष्ठ गुरु से ही सुनकर प्राप्त होती है। यदि अच्छे गायक के पीछे तानपूरा लेकर गाने का सौभाग्य प्राप्त होता हो तो ऐसे सुअवसर को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। श्रेष्ठ गायक की गायकी का यत्-किंचित् जो-कुछ स्वरूप इस समय समझ में आता है, उसे अपने गले से अदा करने का भी मौका मिल जाता है। फलतः अपनी पर्याप्त ज्ञान-वृद्धि हो जाती है। प्राचीन पद्धति के उत्तम गुरु अभी तक अपने शिष्यों को इसी तरह अपने साथ गवाते हैं। परन्तु यदि हमारी अहम्मन्यता हमें ऐसे सुअवसरों से लाभ न उठाने दे तो बात दूसरी है।

लगे हाथों कूट तानों पर भी विचार कर लिया जाए। क्रमिक पुस्तक, तीसरे भाग का एक प्रसिद्ध 'चतुरंग' इस प्रकार से है—'चतुरंग को गाये रस रंगत सों'। इसके संचारी या आभोग की पहली पंक्ति है—'उनंचास कोट तान तिनके कठिन रँगीले हैं ब्यौरे' कुछ गायक चतुरंग की इस पंक्ति में 'उनोंचास कूट तान' यह पाठांतर कर देते हैं। सात (शुद्ध) स्वरों के आधार पर ४९ कूट तानें

निकलती भी हैं। (किंतु 'उनोंचास कोट' का अर्थ उनंचास करोड़ होता है। यह संख्या बहुत अधिक है। संभव है प्राचीन गायक इतनी तानों का प्रयोग करते हों!) कूट तानों में स्वरों का क्रम भंग हो जाता है; जैसे-'सा म नि ग ध रे सा' अथवा 'ग प रे ध नि म सा' इत्यादि। अतः इस प्रकार की तानें बहुत कष्टसाध्य होती हैं। सात शुद्ध स्वरों से सम्पूर्ण जाति की जिस प्रकार ७×७=४९ कूट तानें निकलती हैं, उसी प्रकार षाडव जाति की ६×६=३६ तथा औडव जाति की ५×५=२५ कूट तानें निकलती हैं।

इस प्रकार से केवल एक ठाठ (बिलावल) में ४९+३६+२५= ११० कूट तानें निकलती हैं। यदि ठाठ-संख्या ७२ मान ली जाए तो ११०×७२ यानी कुल ७९२० कूट तानों की गणना होती है। इस दृष्टि से भी उनंचास कूट तानों की समस्या हल नहीं होती। अतः पाठांतर 'उनंचास कूट तान' अधिक युक्तियुक्त प्रतीत होता है। प्रस्तुत पुस्तक में हमने किसी राग में कूट तानों का प्रयोग नहीं किया है। अतः कूट तानों की विस्तृत विवेचना न करके पाठकों के मनोरंजनार्थ यहाँ इस प्रकार की तानों का उल्लेख-मात्र कर दिया गया है। पाठ्यक्रम की दृष्टि से तो केवल सरल तान (दोनों प्रकार), फिरत तान, रागांग तान तथा आलंकारिक तानों को तैयार करना ही पर्याप्त है।

नायकी और गायकी

'नायक' के आधार पर 'नायकी' की व्युत्पति है। प्राचीन काल में उत्कृष्ट श्रेणी के गायक को 'नायक' कहा जाता था। नायकों की रची हुई चीजें भी प्रकाण्ड पांडित्यपूर्ण और मनोहर होती थीं। ये चीजें (आक्षिप्तिकाएँ) अपने विशुद्ध रूप में उनके शिष्यानुशिष्यों को प्राप्त होती रहती थीं। अतः नायकी का यही अर्थ है कि चीजों को उनके विशुद्ध रूप में गा दिया जाए। यदि कोई गायक किसी चीज की नायकी गा रहा है तो इसका अर्थ यह हुआ कि स्वर, ताल तथा बोल के साथ उस विशेष चीज का स्थायी-अन्तरा इसी रूप में उसके गुरु ने अपने गुरु से सीखा था। इस गायक ने अपने गुरु से इस चीज को ऐसे ही रूप में सीखा है और वह स्वयं भी अपने शिष्यों को इस चीज को ऐसे ही रूप में सिखाएगा। अतः 'नायकी' का यही अर्थ है कि गुरु-परम्परा से प्राप्त किसी चीज के स्थायी-अन्तरे को ज्यों-का-त्यों बिना किसी प्रकार का परिवर्तन किए गा दिया जाए। पुराने उस्तादों की बन्दिश की चीजों का महत्त्व इसी कारण से था कि उनकी रची हुई चीजों में स्वर-विन्यास बहुत ही कलापूर्ण होता था। अब भी यदि कोई जोरदार बन्दिश की चीज गा देता है, तो उसका स्थायी-अन्तरा-मात्र ही ऐसा मनोरम होता है कि उसी से श्रोता मुग्ध हो जाते हैं। मानो यह चीज अपने विशुद्ध प्राकृत रूप में ही इतनी सुन्दर है कि उसे तान-आलाप-रूपी शृंगार की आवश्यकता नहीं।

नायकी का यह महत्त्व उस समय तक बराबर प्रतिष्ठित रहा, जब तक लेखन-पद्धति (Notation System) का आविष्कार नहीं हुआ था। किंतु 'नोटेशन-सिस्टम' के निकल जाने पर नायकी के स्वाभाविक सौन्दर्य में कमी आने लगी। इसका कारण यही था कि शत-प्रतिशत अपने विशुद्ध रूप में नायकी ज्यों-की-त्यों नोटेशन के सांचे में नहीं ढाली जा सकती। गुरु-मुख से सुनकर जिस प्रकार से चीज का यथातथ्य व्यक्तीकरण किया जा सकता है, वैसा नोटेशन द्वारा व्यक्त हो ही नहीं सकता। नोटेशन केवल पिचहत्तर प्रतिशत हो सकता है, इससे अधिक नहीं। कहाँ आवाज

पर जोर देना होगा, किस अंश को किस भाव से कहा जाएगा, अमुक राग के ऋषभ, गांधार, धैवत, निषाद स्वर किस प्रकार से लगेंगे तथा रामकली के ऋषभ और भैरव के ऋषभ में तत्त्वतः क्या अन्तर है, ये सब बातें सुनकर ही सीखी जा सकती हैं; इन्हें लिखकर समझाना प्रायः असम्भव-सा ही है। किन्तु गुरु-भाव से सीखकर ये ही बातें थोड़े-से परिश्रम से आ जाती हैं। आचार्य भातखंडे जी की अमर पुस्तकों में जो चीजें दी हैं, उनसे संगीत-विद्या का भारी प्रचार हुआ, परन्तु उन्हें यह भी ध्यान था कि चीजें सरल और सुबोध ढंग से पाठकों के सामने रखी जाएँ, जिससे वे उन्हें सरलता से समझ सकें। उनका यह सिद्धान्त उत्तम था; क्योंकि चीजों का यथातथ्य नोटेशन नहीं हो सकता था और यदि माथापच्ची करके नोटेशन तदनुरूप तैयार भी किया जाता तो वह सर्वसाधारण के लिए बहुत ही दुरूह हो जाता। अतः यह सोचकर कि पर्याप्त ज्ञान होने पर नायकी को गायक अपनी बुद्धि से स्वतः अलंकृत कर लेगा, उन्होंने चीजों का सरल रूप ही रहने दिया है। प्रस्तुत पुस्तक में हमने क्रमिक पुस्तक, तृतीय भाग के कुछ खयालों को गायकी की दृष्टि से रूपान्तरित किया है।

हमारा लेश-मात्र भी यह आशय नहीं कि खयालों का सर्वोत्तम रूप यही हो सकता है, जो हमने व्यक्त किया है। कुशल गायक अपनी-अपनी योग्यता से इन चीजों को एक-से-एक अच्छे परिधान पहना सकते हैं। हमने नमूने के लिए यह रूप रखा है। नवीन विद्यार्थियों को तथा विशेषकर उन विद्यार्थियों को जो 'थर्ड ईअर' की परीक्षा में बैठना चाहते हैं, क्रमिक पुस्तक तीसरी में से ही इन खयालों को ज्यों-का-त्यों याद करना चाहिए। परंतु यह हम स्पष्ट कह देना चाहते हैं कि परीक्षा-भवन में गाना और किसी महफिल में गाना, सचमुच दो भिन्न-भिन्न बातें हैं। महफिल में रंजकता की दृष्टि से बहुत-कुछ स्वातन्त्र्य बरता जाता है, परन्तु परीक्षा-भवन में यह बात कोसों दूर रहती है। हाँ, यह अवश्य है कि यह स्वातन्त्र्य ऐसा न हो कि जो मन में जाए सो करो का रूप ले ले। प्रस्तुत पुस्तक में खयालों के रूपांतरित स्वरूप को महफिल में गाने

का उदाहरण समझा जा सकता है। परीक्षा-भवन में इन खयालों को पाठ्य पुस्तक के अनुसार ही गाना चाहिए।

तान, आलाप, बोल-तान इत्यादि आलंकारिक बातों का दूसरा नाम गायकी है। गायकी का अर्थ है—नायकी को अपनी योग्यतानुसार सजाना। प्रस्तुत पुस्तक का सम्बन्ध गायकी से ही है। गायकी के कुछ प्रमुख अंगों की हमने अन्यत्र स्वतन्त्र विवेचना की है, अतः यहाँ गायकी पर कुछ और कहने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती।

गायकी तथा नायकी तैयार कर लेने पर भी उसका सच्चा जादू कंठ-माधुर्य पर अवलंबित है। कंठ-माधुर्य के विषय में हमें तीन बातों पर ध्यान रखना चाहिए—१. स्वाभाविकता, २. उपचार तथा ३. नित्य का अभ्यास। स्वाभाविक कंठ-माधुर्य तो वस्तुतः ईश्वरीय देन ही है। इसपर किसी का बस नहीं है। स्त्रियों का गला पुरुषों की अपेक्षा अधिक मधुर होता है। फिर भी, पुरुष-वर्ग में भी श्री नारायणराव व्यास प्रभृति कलाकारों के समान स्वाभाविक कंठ-माधुर्य सबको प्राप्त नहीं होता। इसी से हमने इसे ईश्वरीय देन माना है। भारी तथा जवारीदार मर्दानी आवाज और पतली तथा सुरीली जनानी आवाज का रागों से भी घनिष्ठ सम्बन्ध है। दरबारीकानड़ा, पूरिया, श्री इत्यादि राग मर्दानी आवाज से अधिक अच्छे मालूम होते हैं तथा खमाज, देस, गौड़-मल्हार प्रभृति राग जनानी आवाज में अधिक खिलते हैं। कुछ राग ऐसे भी होते हैं, जो दोनों ही प्रकार की आवाज में रोचक प्रतीत होते हैं, जैसे बिहाग। इस विषय में एक साधारण नियम यह बनाया जा सकता है कि जिन रागों का चलन मुख्यतः मन्द्र और मध्य-सप्तक में अधिक होता है, वे राग मर्दानी आवाज के अनुकूल होते हैं और जिन रागों का चलन मुख्यतः मध्य और तार-सप्तक में होता है, वे जनानी आवाज के अधिक अनुकूल होते हैं। शृंगाररस-प्रधान राग जनानी आवाज में अधिक खिलते हैं तथा वीर रस-प्रधान राग मर्दानी आवाज में अच्छे मालूम होते हैं।

जिनका गला स्वाभाविक ही अच्छा नहीं होता, वे औषधियों द्वारा तथा अन्यान्य उपचारों द्वारा उसे बहुत-कुछ ठीक कर सकते हैं। फिर भी इससे स्वाभाविक कंठ-माधुर्य का मुकाबिला नहीं किया जा सकता। कंठ-माधुर्य का खान-पान से घनिष्ठ संबंध है।

सिगरेट, बर्फ, खटाई, लेमनजूस, जिंजर इत्यादि पेय पदार्थ गले को तत्काल हानि पहुँचानेवाले हैं। आम की खटाई और तैल तो कंठ-माधुर्य के पूर्ण शत्रु हैं। अतः दृढ़तापूर्वक इनका परित्याग कर देना चाहिए। वस्तुतः गायक का जीवन जितना सरल, आडम्बर-रहित तथा ब्रह्मचर्य और संयम-नियम से परिपूर्ण होगा, कंठ-माधुर्य उतना ही अधिक बढ़ जाएगा। बादी की चीजों का परित्याग तथा दूध, दही मक्खन, घी, मलाई इत्यादि पौष्टिक पदार्थों का व्यायाम के साथ सेवन बहुत ही हितकर है। प्रातःकाल १०-१२ दाने काली मिर्चों का सेवन, गर्म पानी में नमक मिलाकर उससे कुल्ले करना, पान, कुलंजन, इलायची, लोंग तथा मिश्री का सेवन कंठ-माधुर्य बढ़ाने में विशेष सहायक होता है। कुछ विद्वानों का मत है कि मांसाहार से कण्ठ-माधुर्य को भारी हानि पहुँचती है। इस विषय में A. Magasinet (Oslo) के विचार हम उद्धृत करना चाहते हैं। ये पंक्तियाँ 3rd September, 1944 के 'लीडर' में प्रकाशित हुई थीं।

MEAT EATERS CAN'T SING.

A scientist has put forward the theory that meat-eating is harmful to the full development of the vocal chords. You Can't be a meat-eater and a good singer.

That is his idia. He points to the English as a proof of his theory. The English eat more meat than most other nationalities and how often do you find a good singing voice in England. As a contrast he cites the Italians, who eat little meat and subsist mainly on a diet of vegetables and cereals. But look, he infers, at the beautiful tenors found every where in Italy !

As a final proof our scientist gose to the bird kingdom. All Song—birds, be states; are

vegetarians. Carnivorous birds - eagles, hawks, Vultures gulls—can only utter harsh in articulate sounds. Like the English meat-eaters they can't sing !

उपर्युक्त पंक्तियों का सारांश यही है कि मांसाहार से कण्ठ-माधुर्य दूषित हो जाता है। अँग्रेज मांस अधिक खाते हैं, अतः उनका कंठ मधुर नहीं होता, किंतु इटली-निवासी मुख्यतः शाकाहारी होते हैं, अतः उनका कंठ अधिक मधुर होता है। गानेवाली चिड़ियाएँ भी मांसाहारी नहीं होतीं। गिद्ध, बाज इत्यादि चिड़ियाएँ जो मांसाहारी होती हैं, उनकी आवाज कर्कश होती हैं। अँग्रेज मांसाहारियों की तरह ये भी गा नहीं सकतीं।

शराब, भाँग इत्यादि मादक पदार्थों का भी गले पर शीघ्र ही असर पड़ता है। गाते समय भावुकता प्रदीप्त करने के लिए ही गायक इनका सेवन करते हैं, परन्तु यह भावुकता कृत्रिम और दूषित है। सच्ची भावुकता कुछ दूसरी ही वस्तु होती है। नशे द्वारा कुछ घन्टों तक रहनेवाली भावुकता अस्थायी तथा कामुकता-पूर्ण होती है, परन्तु जिसका हृदय ही अपने आराध्य के चरणों में रँग गया, उसका नशा पूरा, सच्चा और सदा रहनेवाला है। शराब, भाँग इत्यादि के सेवन से शीघ्र ही गले में खुश्की आ जाती है। इनका अधिक सेवन शरीर और बुद्धि, दोनों को ही खराब कर डालता है। अतः इन चीजों से सच्चे गायक को सदैव परहेज होता है। नशे द्वारा नकली भावुकता से काम चलानेवालों को 'कला कला के लिए है', यह समझना भारी भूल है। कला जीवन के लिए ही है। संगीत-कला वस्तुतः जीवन की सच्ची व्याख्या है और जीवन को सुमार्ग पर चलाना ही कला का सच्चा उद्देश्य है।

कंठ-माधुर्य के विषय में तीसरी महत्त्वपूर्ण बात है, नित्य का अभ्यास। पं० राजाभैया पूछवाले, कृष्णराव शंकर पंडित, उस्ताद फैयाज खाँ प्रभृति भारत-विख्यात कलाकारों का गला अभ्यास (रियाज) द्वारा ही बनाया हुआ रहा है। नित्य-प्रति के अभ्यास से इन विद्वानों का गला रबड़ की तरह खिंचनेवाला तथा

लोचदार हो गया है। संगीत-कला का महीन काम भी ये लोग अभ्यास के बल पर कर जाते हैं। रियाज वस्तुतः गले की कसरत है। यदि कोई पहलवान कसरत करना छोड़ दे, तो उसके शरीर की तैयारी भला कितने दिन टिक सकेगी ? इसी प्रकार यदि नित्य का अभ्यास छोड़ दिया जाए, तो फिर गले में वह बात नहीं रहती कि उसे इच्छानुसार चाहे जहाँ घुमाया-फिराया जा सके। रियाज छोड़ देने से गले-रूपी खड्ग में जंग लग जाती है। अति उत्तम स्वर-ज्ञान और राग-ज्ञान के पश्चात् नित्यप्रति अभ्यास करते रहने से ही गले में लोच, गोलाई, रोशनी और माधुर्य की सृष्टि होती है। जितना अधिक रियाज चढ़ा हुआ होता है, उतनी ही उत्कृष्टता से उपर्युक्त गुणों की वृद्धि होती है। किंतु यह रियाज एक-दो दिन की चीज नहीं है। शनैः-शनैः अभ्यास करते-करते जब वर्षों व्यतीत हो जाते हैं, तब कहीं उपर्युक्त गुणों का संपादन होता है :—

शनैर्विद्या शनैरर्थारारोहेत् पर्वतं शनैः।
शनैरध्वसु वर्तेत योजनानि परंव्रजेत् ॥
योजनानि सहस्राणि शनेर्याति पिपीलिका।
अगच्छन् वैनतेयोऽपि पदमेकं न गच्छति ॥

भावार्थ—विद्या और धन शनैः-शनैः प्राप्त किया जा सकता है। धीरे-धीरे पर्वत पर भी चढ़ा जा सकता है। मार्ग में धीरे-धीरे चलकर मनुष्य सैकड़ों योजन जा सकता है। चलनेवाली चींटी धीरे-धीरे चलकर सैकड़ों योजन जा सकती है और न चलनेवाला गरुड़ एक कदम भी नहीं चल सकता।

कंठ-माधुर्य से ही नहीं, प्रत्युत गायकी और नायकी से भी नित्य के अभ्यास का घनिष्ठ सम्बन्ध है। विश्वास रखिए कि वे आलाप, तान, बोलतानें अथवा चीजें, जिन्हें आपने पचासों बार रटा है, समय पर कभी काम न दे सकेंगी, यदि आप नित्य के अभ्यास से उन्हें दुहराते नहीं रहते। प्रायः होता यह है कि नवीन विद्यार्थी समझते हैं कि अमुक राग के तान-आलाप तथा खयाल इत्यादि हमें याद हैं, अतः वे उनको दुहराने की चेष्टा नहीं करते और इसी धोखे में शनैः-शनैः उन्हें भूल जाते हैं। यह भेद उन्हें तब मालूम

होता है, जब वे किसी महफिल में गाने बैठते हैं और वहाँ उनके गले से कोई काम अदा नहीं होता। जो व्यक्ति चार घन्टे रोज घर रियाज करता है, वही महफिल में दो घन्टे अच्छी तरह गा सकता है! जो गायक धुरन्धर कलाकार होते हैं, वे भी थोड़ा-सा अभ्यास तो रोज ही करते हैं। अन्यथा वे भी महफिल में जोर-शोर से नहीं गा सकते। अतः नवीन विद्यार्थियों को कभी अपनी रटी हुई बातों पर भरोसा नहीं रखना चाहिए। जब तक वे बातें प्रायः दुहराई नहीं जाएँगी, तब तक वे कभी भी पूर्णतया अधीन न हो सकेंगी। अब चाहे आप इसे रटन्त विद्या कहिए, चाहे रियाज कहिए; पर है यह आवश्यक और अनिवार्य। 'शुक्र-नीति' का एक श्लोक है :—

शास्त्रं सुचिंतितमपि प्रतिचिंतनीयं,
स्वराधितोऽपि नृपतिः परिशंकनीयः।
